


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 34 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्त्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 17 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## भिलाई निगम की बदहाली : अपने ही कर्मचारियों को नहीं दे पा रहा वेतन, काम छोड़ कर्मियों ने किया प्रदर्शन

श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई की बदहाल व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इनके पास अपने ही कर्मचारियों को वेतन देने के लिए फंड नहीं है। निगम के सभी ग्रेड के कर्मचारियों को अक्टूबर माह का वेतन नहीं मिला है। लंबे इंतजार के बाद कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया और गुरुवार को निगम के कर्मचारियों ने अपने ही दफ्तर में काम बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

निगम के कर्मचारी संघ के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने आज काम बंद कर दिया है। कर्मचारियों में इस बात की नाराजगी है कि निगम में उनका वेतन ही नहीं मिल पा रहा है तो शहर की जिम्मेदारी कैसे उठाएंगे। आज निगम दफ्तर में प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों का कहना है कि लगातार यह अव्यवस्था सामने आ रही है। निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




### तो सोमवार से होगी तालाबंदी

कर्मचारी संघ के नेता संजय शर्मा ने बताया कि अक्टूबर के बाद नवंबर माह भी निकल रहा है लेकिन अभी तक कर्मचारियों का वेतन नहीं मिल पाया है। भिलाई निगम में 950 रेगुलर कर्मी व प्लेसमेंट के 1000 से अधिक कर्मचारी हैं। इन सभी का वेतन रुका है। दो दिन का समय महापौर ने लिया है और इस बीच वेतन नहीं मिलता तो सोमवार से काम बंद कर दिया जाएगा। हमारा एक ही नारा है वेतन नहीं तो काम नहीं।

### महापौर से भी मिले कर्मचारी

वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारियों ने महापौर नीरज पाल से भी मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी बात रखी। इस पर महापौर ने आयुक्त व विभागीय मंत्री से चर्चा कर मामला सुलझाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जल्द इस इसका समाधान किया जाएगा। महापौर ने कर्मचारियों से दो दिन का समय लिया है और कहा है कि इन दो दिनों में समस्या का समाधान करने की कोशिश करेंगे।

## खास खबर...

### उद्योग मंत्री के ठिकानों पर ईडी का बड़ा छापा, घर से लेकर कंपनी तक खंगाल रहे दस्तावेज, खाना-पानी साथ लेकर पहुंची टीम

**पटना।** बिहार में उद्योग मंत्री समीर महासेठ के कई ठिकानों पर गुरुवार को ईडी ने छापा मारा है। उद्योग मंत्री के आवास से लेकर कंपनी तक टीम दस्तावेज खंगाल रही है। ईडी के सौ से ज्यादा अधिकारियों ने अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी है।

मिली जानकारी के अनसुरा समीर महासेठ के पटना आवास सहित कंस्ट्रक्शन कंपनी पर छापेमारी की गई। समीर महासेठ बिहार सरकार में नीतिश कोटे से कैबिनेट में मंत्री हैं। बिहार के उद्योग मंत्री के पटना स्थित आवास पर छापेमारी के लिए पहुंची ईडी की टीम अपने साथ खाना और पानी साथ लेकर आई है। आवास में प्रवेश करते वक्त टीम के सदस्य खाना और पानी साथ लेकर घर में घुसते हुए नजर आए। इधर बिहार में ईडी की इस कार्रवाई से नीतिश सरकार में हड़कंप मच गया है। राजद कोटे से महागठबंधन सरकार में शामिल समीर महासेठ मधुबनी से दूसरी बार विधायक बने हैं। वह इससे पहले भी बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

### बगैर बेहोश किए कर दी नसबंदी, दर्द से तड़पती रहीं महिलाएं, खगड़िया में लापरवाही

**खगड़िया (एजेंसी)।** बिहार के खगड़िया से नसबंदी के पूर्व नहीं बल्कि उसके बाद महिलाओं को एनेस्थीसिया दिया गया। सर्जरी के पहले बेहोशी की दवा नहीं दिए जाने से उन्हें भारी परेशानी हुई। वे दर्द से तड़पती रहीं। पीड़ित महिला पी कुमारी ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के दौरान नहीं, बल्कि बाद में एनेस्थीसिया दिया गया। इससे उसे बहुत दर्द हुआ। मामला सामने आने के बाद सिविल सर्जन डॉ. ए. झा ने कहा कि जांच कराई जाएगी। इसके बाद कार्रवाई होगी। यह घटना खगड़िया जिले के अलौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन शिविर के दौरान हुई। डॉक्टरों ने महिलाओं को बेहोशी की दवा दिए बिना ही नसबंदी कर दी। इस दौरान महिलाएं दर्द से कराहती रहीं, लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी।

## रेलवे ने सुपरवाइजरी कैडर के हजारों कर्मियों को दिया बड़ा गिफ्ट, ग्रेड पे में हुआ इजाफा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रेल मंत्रालय द्वारा भारतीय रेल पर कार्यरत 80 हजार से अधिक पर्यवेक्षकीय संवर्ग (supervisory cadre) कर्मचारियों को लेवल 9 तक का ग्रेड पे मिलेगा। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी है।




वर्तमान में भारतीय रेल के पर्यवेक्षकीय संवर्ग के कर्मचारियो को लेवल 7 तक का ग्रेड पे मिल रहा था, वहीं रेल मंत्री की घोषणा के बाद इसमें बढ़ोत्तरी हो जाएगी।

रेल मंत्रालय के इस निर्णय से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत तकनीकी एवं नॉन तकनीकी संवर्ग के लगभग 7500 से भी अधिक पर्यवेक्षकीय कर्मचारियों, जिसमें मुख्यालय एवं बिलासपुर रेल मंडल के 3500 से अधिक, रायपुर रेल मंडल के 2000 से अधिक तथा नागपुर रेल मंडल के भी 2000 से भी अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

इस निर्णय से कर्मचारियों को उन्नत वेतनमान मिलने पर वेतन में 2500 से 4000 रुपए तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। पर्यवेक्षकीय संवर्ग में इंजीनियरिंग, सिगनल, विद्युत, यांत्रिक, भंडार विभाग के सीनियर सेक्सन इंजीनियर, स्टेशन मास्टर सहित विभिन्न विभागों के पर्यवेक्षकीय कर्मचारी सम्मिलित हैं, जिन्हें अब लेवल 9 तक के ग्रेड पे मिलेगा।

इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबन्धक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि कर्मचारी हित में लिये गये रेल मंत्रालय के इस निर्णय से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर कार्यरत 7500 पर्यवेक्षकीय कर्मचारी लाभान्वित होंगे। रेल मंत्रालय के द्वारा कर्मचारी हित में लिए गए इस निर्णय से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे रेलवे को नई ऊंचाइयों में ले जाने में उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी निभाएंगे ।

### फिर एक बार बैंकों ने की हड़ताल की घोषणा, इस हफ्ते दो दिन बैंक रहेगा बंद

**भिलाई।** एक बार फिर बैंकों ने हड़ताल की घोषणा की है। बैंकों की हड़ताल के कारण इस सप्ताह दो दिन बैंकों का काम प्रभावित रहेगा। बैंकों की यह हड़ताल शनिवार को बुलाई गई है। इसके कारण देश के सभी राष्ट्रीयकृत बैंक बंद रहेंगे। बैंकों की देशव्यापी हड़ताल (Strike) के कारण सभी बैंकों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहेगा। यह हड़ताल ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (AIBEA) ने बुलाई है।

AIBEA की ओर से 19 नवंबर को हड़ताल बुलाई गई है। माह का तीसरा शनिवार होने के कारण इस दिन बैंकों का पूरा दिन काम काज होता था लेकिन हड़ताल के कारण इस बार बैंक बंद रहेंगे। इसके दूसरे दिन रविवार होने से बैंकों की छुट्टी होगी। इस तरह लगातार दो दिन बैंकों का काम काज प्रभावित होगा।

### पूर्व सीएम अजीत जोगी की बहु का जाति प्रमाणपत्र निकला फर्जी, दर्ज हुई एफआईआर

श्रीकंचपथ न्यूज

**मुंगेली।** मरवाही उपचुनाव में पूर्व सीएम अजीत जोगी की बहु ऋचा जोगी द्वारा जमा जाति प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया है। इस मामले में ऋचा जोगी पर एफआईआर दर्ज की गई। यह एफआईआर मुंगेली कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है। 2020 में हुए मरवाही उपचुनाव में ऋचा जोगी ने खुद को अनुसूचित जनजाति की बताते हुए यह जाति प्रमाण पत्र समय शासन के पास जमा कराया था। राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति ने इस प्रमाणपत्र का फर्जी पाया और केस दर्ज कराया है।



बता दें साल 2020 में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के निधन के बाद मरवाही विधानसभा सीट खाली हुई थी। इस सीट पर जनता कांग्रेस जे की ओर से ऋचा जोगी ने भी नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान ऋचा जोगी ने खुद अनुसूचित जनजाति का बताते हुए जाति प्रमाणपत्र जमा कराया था। इस मामले उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने जांच में पाया कि ऋचा जोगी के पिता क्रिश्चियन थे और समिति ने सभी पक्षों की सुनने के बाद ऋचा जोगी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।



## संपादकीय

# युद्ध और न भड़के

मंगलवार, बुधवार के दरम्यान करीब 12 घंटे रूस-यूक्रेन युद्ध के और भड़कने का खतरा मंडराने लगा था। शुरुआती खबर यही आई कि रूस ने पोलैंड पर भी मिसाइल हमला किया है, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए हैं। मंगलवार को रूस ने करीब 100 मिसाइल से हमला किया है। शुरू में भ्रामक खबर आई कि इन्हीं में से एक मिसाइल पोलैंड के एक गांव में जा गिरी है। तनाव इस कदर बढ़ गया कि पोलैंड ने भी अपनी सीमा में हमले की पुष्टि कर दी। गौरतलब है कि रूस ने भी पूरी असंवेदनशीलता दिखाते हुए, तब हमला किया है, जब बाली, इंडोनेशिया में जी-20 का सम्मेलन चल रहा है, दुनिया के सर्वोच्च कर्ता-धर्ता वहां जुटे हुए हैं। और तो और, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने आनन-फानन में नाटो के सात नेताओं की आपात बैठक भी बुला ली। आशंका पैदा हो गई कि नाटो रूस को किसी भी समय करारा जवाब दे सकता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तेजी दिखाते हुए पोलैंड के राष्ट्रपति को फोन लगा लिया, लेकिन तब तक यह बात खुल चुकी थी कि पोलैंड निशाने पर नहीं था। ज्यादा आशंका यही है कि रूसी मिसाइलों को जवाब देने के लिए यूक्रेन ने भी मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिनमें से एक मिसाइल पोलैंड की सीमा में जा गिरी। यह अच्छी बात है कि समय रहते हकीकत सामने आ गई, वरना ज्यादा जल्दबाजी में नाटो और उसके अमेरिकी नेतृत्व की भी खूब फजीहत होती। निर्णायक समय में तनाव बढ़ाने वाले इस हमले की जितनी निंदा की जाए कम है। यह रूसी हमला और उसके बाद उस पर तत्काल हुई प्रतिक्रियाओं से हमें सबक लेना चाहिए। रूस के आसपास स्थित देशों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। ध्यान रहे, मिसाइल विस्फोट के तत्काल बाद पोलैंड की सेना हाई अलर्ट पर आ गई थी। हालांकि, मास्को ने भी तेजी दिखाते हुए अफवाह को दूर करने का प्रयास किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पोलैंड में हमले संबंधी रिपोर्टों को खारिज कर दिया। उल्टे रूस ने पोलैंड और उसके अन्य सहयोगियों पर आरोप जड़ दिया कि अफवाह या भ्रामक सूचना को जान-बूझकर भड़काया गया है। रूस को भी अपने स्तर पर सावधान रहना चाहिए। युद्ध का और भड़कना किसी के हित में नहीं है। युद्ध से जो नुकसान दुनिया उठा रही है, उसकी गूंज जी-20 के सम्मेलन में भी सुनाई पड़ी है। जी-20 के देश लगभग एकमत हैं कि युद्ध रुकना चाहिए, लेकिन अफवाहों के बारे में सभी को सावधान रहना होगा। यह फूंक-फूंककर कदम उठाने का समय है। यूक्रेन को भी सावधानी बरतनी चाहिए। युद्ध दो देशों के बीच है, तो किसी भी तीसरे देश में मिसाइल न पहुंचे यह सुनिश्चित करने की जवाबदेही जितनी रूस की है, उतनी ही यूक्रेन की भी है। रह-रहकर युद्ध के भड़कने और दो से ज्यादा देशों के युद्ध में सीधे कूदने का खतरा अक्सर मंडराता रहता है। क्या इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र या जी-20 देशों को गंभीरता से सोचना नहीं चाहिए? विशेष रूप से अमेरिका, चीन और भारत को युद्ध रोकने के लिए ज्यादा पहल करने की जरूरत है। खासकर चीन की भूमिका सबसे ज्यादा है। चीन के रूस के साथ भी बेहतर संबंध हैं और अमेरिका के साथ भी अच्छे कामकाजी संबंध हैं। हालांकि, एक बड़ा सवाल है, युद्ध रोकने के लिए आखिर कितने देश ईमानदारी से लालायित हैं। सबसे पहले युद्ध में मारे जा रहे लोगों और पहुंच रहे नुकसान के प्रति संवेदनशील बनना पड़ेगा, तभी हम युद्ध रोकने के उपाय खोज पाएंगे।

“ ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तेजी दिखाते हुए पोलैंड के राष्ट्रपति को फोन लगा लिया, लेकिन तब तक यह बात खुल चुकी थी कि पोलैंड निशाने पर नहीं था। ज्यादा आशंका यही है कि रूसी मिसाइलों को जवाब देने के लिए यूक्रेन ने भी मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिनमें से एक मिसाइल पोलैंड की सीमा में जा गिरी। यह अच्छी बात है कि समय रहते हकीकत सामने आ गई, वरना ज्यादा जल्दबाजी में नाटो और उसके अमेरिकी नेतृत्व की भी खूब फजीहत होती। निर्णायक समय में तनाव बढ़ाने वाले इस हमले की जितनी निंदा की जाए कम है।

## वांगारी मथाई पर्यावरण पर नोबुल

8 अक्टूबर, सन् 2004 को जब नैरोबी में अश्वेत पर्यावरणविद सुश्री वांगारी मथाई के फोन की घंटी घनघनायी तो उन्हें शायद ही उम्मीद रही होगी कि फोन पर मिलने जा रही सूचना उनके जीवन की सबसे बड़ी और कीमती सौगात साबित होगी। फोन पर दूंसरी ओर थे नॉर्वे के केन्या स्थित राजदूत। उन्होंने आदरसूचक संबोधन के बाद सुश्री मथाई को इस वर्ष के नोबुल शांति पुरस्कार के लिए चुने जाने की सूचना दी तो सुश्री मथाई पलभर को विस्मय और हर्षातिरेक से अवाक रह गयीं। धड़कनों पर काबू पाकर खुशी से छलकते स्वरों में उन्होंने कहा, ''मैं बहुत खुश हूं और इस खुशी को व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।'' कुछ ही देर बाद नॉर्वे टेलीविजन ने जब प्रतिक्रिया के लिए उनसे सम्पर्क साधा तो उन्होंने कहा, ''शांति के लिए पर्यावरण बहुत महत्वपूर्ण है। जब हम अपने-अपने संसाधनों को नष्ट करते हैं और जब संसाधन सीमित हो जाते हैं, तो उनके लिए हमें लड़ाइयां लड़नी पड़ती हैं। मथाई को पर्यावरण पर नोबुल के संदर्भों पर विचार करें : एक बिरवा रोपना और उसे फलते फूलते देखना विभीषिकाओं के बीच एक कठिन अभियान से कमतर नहीं है। वृक्ष स्वास्थ्य एवं समृद्धि के वाहक हैं और शांति के नैसर्गिक प्रतीक भी। वृक्ष पर्यावरण का सर्वोत्कृष्ट मानक रचते हैं। यही वे संदर्भ हैं कि सुश्री वांगारी मथाई ने अपना सारा जीवन वृक्षारोपण अभियान को समर्पित कर दिया था। यही उनका मिशन है। नोबुल शांति पुरस्कार समिति के अध्यक्ष ओले डेनवोल्ट के अनुसार, यह पहला मौका है कि पर्यावरण ने नोबुल शांति पुरस्कार का एजेंडा तय किया है। यह पहला अवसर है कि यह प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कार किसी अफ्रीकी महिला को दिया जा रहा है। एक करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी करीब 13 लाख डॉलर का यह पुरस्कार सुश्री मथाई को अल्फ्रेड बर्नार्ड नोबुल की पुण्यतिथि पर 10 दिसंबर को प्रदान किया गया।

64 वर्षीया सुश्री वांगारी मथाई तब केन्या सरकार में पर्यावरण उपमंत्री थीं। यह एक महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारी थी। लेकिन मथाई के लिए इससे ज्यादा अहमियत रखता रहा उनका मिशन। वे अफ्रीका में हरित अभियान की पुरोधा रही हैं। वे अफ्रीका में ग्रीनबेल्ट या हरित पट्टी कार्यक्रम के तहत तब तक तीन करोड़ से ज्यादा पौधे लगा चुकी थी। इस मिशन से वे चौथाई सदी से भी अधिक समय तक जुड़ी रहीं। उन्होंने साहसिक पहल करते हुए सन् 1977 में ग्रीनबेल्ट आंदोलन की नींव रखी थी। एकाकी जिद से उपजा यह अभियान रंग लाया। उनके आंदोलन से अफ्रीका में सबसे विशाल वृक्षारोपण अभियान की शक्ल ले ली। इस अभियान से केवल पर्यावरण ही नहीं सुधरा, अपितु बहुविध लाभ मिले। जैव विविधता की समृद्धि के साथ-साथ इससे रोजगार और आजीविका के साधन विकसित हुए और समाज में महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ हुई।

सन् 1940 में जनमी वांगारी की शिक्षा अमेरिका में हुई और वहीं से उन्होंने जैव-विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। तदंतर वे केन्या लौटीं और पीएचडी की डिग्री हासिल करने के बाद वे नैरोबी विश्वविद्यालय में पहली महिला प्रोफेसर बनीं। उन्होंने एक राजनेता से शादी की, लेकिन पति ने वांगारी और तीन संतानों को इसलिये त्याग दिया, क्योंकि सुश्री वांगारी अधिक शिक्षित, अधिक मजबूत, अधिक कर्मठ, अधिक सफल शख्सियत थीं। पत्नी का स्वतंत्रचेता, जिद्दी और साहसी होना पति को रास नहीं आया। उसने उन्हें छोड़ दिया, लेकिन इससे वांगारी के पांव कर्तव्यपथ से डिगे नहीं। अपने वृहद सरोकारों के चलते वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निरंतर पालन करती रहीं।

“ भारत आगामी 1 दिसंबर से अपना कार्यभार संभालने जा रहा है, और अगले एक साल में वैश्विक समस्याओं के समाधान में अपनी विशेषज्ञता वह विश्व से साझा कर सकेगा।

# भारत को मिली अध्यक्षता से उम्मीदें

अरविंद गुप्ता



अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से जी-20 का बाली शिखर सम्मेलन भारत के लिए काफी अहम रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं, हम सब भारतीयों ने उस वक्त गौरवान्वित महसूस किया, जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने समापन समारोह में भारत को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी। राष्ट्रपति विडोडो बधाई के पात्र हैं कि उनकी अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन का समापन सफलतापूर्वक हुआ। भारत आगामी 1 दिसंबर से अपना कार्यभार संभालने जा रहा है और अगले एक साल में वैश्विक समस्याओं के समाधान में अपनी विशेषज्ञता वह विश्व से साझा कर सकेगा। हालांकि, इंडोनेशिया की इस जी-20 बैठक की एकमात्र यही उपलब्धि नहीं है।

बाली शिखर सम्मेलन की सबसे बड़ी सफलता यूक्रेन युद्ध के खिलाफ आम सहमति बनना है। इसका अर्थ है कि बतौर सदस्य राष्ट्र रूस भी इस तथ्य से सहमत है। इससे परिस्थिति काफी दिलचस्प बन गई है। विश्व को युद्ध से बचाना काफी जरूरी है। यही कारण है कि शिखर सम्मेलन में मौजूद सभी नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि युद्ध का विश्व-व्यवस्था में कोई स्थान नहीं। यदि जंग चलती रही, तो प्रमुख वैश्विक समस्याओं का समाधान और जटिल हो जाएगा। भारत की भी यही चिंता थी कि यह युग युद्धों का नहीं है, इसलिए इससे हमें बचना होगा। सुखद है कि जी-20 के घोषणापत्र में लगभग सभी प्रमुख वैश्विक मसलों का जिक्र किया गया है, इसलिए इसमें जो वैश्विक सहमति दिखाई दे रही है, वह नई विश्व-व्यवस्था को लेकर उम्मीद जगाती है। भारत को इसके आधार पर आगे बढ़ना चाहिए और कुछ नई पहल के साथ इसका नेतृत्व संभालना चाहिए।

जी-20 का इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था। यह बेशक ऐसा समूह है, जिसने अमूमन वैश्विक आर्थिक संकट के समय समाधान पेश किया है, लेकिन अब इसका दायरा बहुत बढ़ गया है। कुछ आंतरिक चुनौतियों से भी यह जूझ रहा है। जैसे, बाली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिरकत नहीं की। और तो और, इस बार संयुक्त घोषणापत्र भी काफी ऊहापोह के बाद जारी हो सका। फिर, रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में इस संगठन के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल, कोई एक संगठन अब विकराल हो चुकी वैश्विक समस्याओं का निदान नहीं निकाल सकता। इसके लिए सामूहिक प्रयास की दरकार होती है। जी-20 समूह के पास कोई वैधानिक ताकत भी नहीं है, वह तो सिर्फ प्रस्ताव पारित कर सकता है। ऐसे में, भारतीय प्रधानमंत्री ने उचित ही मास्को और कीव से संघर्ष-विराम पर सहमति बनाने तथा विवादों का समाधान बातचीत व कूटनीति के जरिये करने की बात कही। जी-20 के सदस्य देश चाहें, तो वे यहां एक दबाव-समूह के तौर पर काम कर सकते हैं।

जाहिर है, अगले एक साल के लिए नई दिल्ली को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक तरफ जी-20 के भीतर ही सदस्य देशों में बढ़ रहे तनाव व नई विश्व-व्यवस्था को लेकर कुछ सदस्यों की विस्तारवादी सोच से भारत को जूझना होगा, तो दूसरी तरफ, वैश्विक तनाव, बिगड़ती अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, बहुपक्षवाद का वकालत करने वाली वैश्विक संस्थाओं की निष्क्रियता, महामारी जैसी समस्याओं से भी उसे पार पाना होगा। इसमें जरूरत होगी नई सोच, नई नीति, प्रभावी नेतृत्व और वैश्विक आम राय की।

वसुधैव कुटुंबकम् थीम पर आधारित भारत की अध्यक्षता निश्चय ही इसमें मददगार साबित हो सकेगी। भारत इस संगठन के जरिये 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' का संदेश देना चाहता है। इसमें वैश्विक कल्याण और विश्व शांति की अपेक्षा की गई है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में विश्व को शांति की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने ऊर्जा के क्षेत्र में स्थिरता हासिल करने और खाद्यान्न संकट से पार पाने की भी वकालत की। प्रधानमंत्री मोदी ने बहुपक्षवाद के समर्थक संगठनों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं में सुधार की अनिवार्यता पर भी बल दिया।

यह एक नई सोच दिखाता है। हालांकि, चुनौती के बावजूद यह अध्यक्षता भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। वह तमाम सदस्य देशों के साथ मिलकर एक नई विश्व-व्यवस्था की परिकल्पना तैयार कर सकता है। साइबर अपराध से पार पाने, संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर कन्वेंशन को सफल बनाने, कौशल-निर्माण के लिए व्यापक फंड जुटाने, क्रिप्टोकरेंसी के लाभ-हानि को जांचने, गरीबी दूर करने के कामों में तकनीक का इस्तेमाल करने जैसे कई मसलों पर भारत दुनिया को नई राह दिखा सकता है। उम्मीद यह भी है कि इंडोनेशिया या इससे पहले इटली, जापान आदि में हुई जी-20 की बैठकों में पारित अच्छे प्रस्तावों को अमल में लाया जाएगा। इसकी अगली अध्यक्षता ब्राजील को मिलने वाली है। इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील की 'तिकड़ी' सामूहिक रूप से नई विश्व-व्यवस्था की रूपरेखा तैयार कर सकती है और उसको लेकर एक वैश्विक सहमति बना सकती है।

स्पष्ट है, जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत से बड़ी अपेक्षा रहेगी। यह अब महज अमीर देशों का संगठन नहीं रहा। इसमें विकासशील देश भी शामिल किए गए हैं। भारत वैश्विक दक्षिण और उसकी पीड़ाओं का प्रतिनिधित्व कर सकता है। अपनी अध्यक्षता के दौरान हम अफ्रीका, लातीन अमेरिका, एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया व विश्व के तमाम देशों से जुड़ सकते हैं और जी-20 की बैठकों में आमराय बना सकते हैं, ताकि यह संगठन संयुक्त राष्ट्र की मदद कर सके। संयुक्त राष्ट्र को सशक्त बनाने में जी-20 जैसे समूहों का सहयोग निहायत जरूरी है। इन संगठनों में आने वाले नए-नए विचार और प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में सुधार की राह प्रशस्त कर सकेंगे।

भारत की अध्यक्षता के दौरान 200 के करीब आधिकारिक और लगभग 500 गैर-सरकारी बैठकें होंगी। इससे गैर-सरकारी लोग व संगठन भी आसानी से जुड़ सकेंगे। यह एक अच्छा मौका होगा यह जानने का कि नई विश्व-व्यवस्था को लेकर गैर-सरकारी लोगों और संस्थाओं की क्या अपेक्षा है। भारत उनकी कल्पना को जी-20 की अध्यक्षता के दौरान दुनिया के सामने पेश कर सकता है। चूंकि नए शीत युद्ध का खतरा सामने है, इसलिए दुनिया को बचाने में जी-20 और भारत अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# धर्मांतरण में लालच और फरेब के खिलाफ महत्वपूर्ण पहल

हरबंश दीक्षित



जबरन धर्मांतरण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बहुत गंभीर रुख अपनाया है। एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने इसे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा मानते हुए सरकार से पूछा है कि जोर-जबर्दस्ती, फरेब या लालच द्वारा कराए जाने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए उनकी ओर से क्या पहल की गई है।

इस तरह का मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने पहले भी आ चुका है। 1960 के दशक में मध्य प्रदेश, उड़ीसा (अब ओडिशा), बिहार व दूसरे राज्यों में धर्मांतरण में बेतहाशा वृद्धि हुई थी। कई जगहों पर विरोध के कारण हिंसक झड़पें भी हुईं। वैसे पसंद की उपासना पद्धति अपनाने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद-25 में सबको उपलब्ध है, इसलिए यदि कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से दूसरी उपासना पद्धति अपना रहा है, तो इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। किंतु इन मामलों में सब कुछ इतना सीधा नहीं था। धर्म परिवर्तन के मामलों में व्यापक तौर पर धोखा, लालच और जोर-जबर्दस्ती की शिकायतें मिल रही थीं। उसके बाद ही मध्य प्रदेश, उड़ीसा सहित कुछ राज्यों ने 1968 में धर्म स्वातंर्त्य कानून बनाया था। इसमें धोखे, लालच या जबरन धर्मांतरण को दंडनीय कर दिया गया।

ईसाई मिशनरियों को इस पर आपत्ति थी। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया। ईसाई मिशनरियों का तर्क था कि अनुच्छेद-25 में धर्म के प्रचार के अंतर्गत दूसरों का धर्म परिवर्तन कराने का अधिकार भी शामिल है और इस कानून द्वारा उस पर पाबंदी लगाई गई है, जो उनके धार्मिक आजादी के अधिकार का उल्लंघन है। रेवरेंड स्टैनिसलास बनाम मध्य प्रदेश के मुकदमे में इसका निस्तारण करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 1977 में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्धांत प्रतिपादित किया था। न्यायालय ने कहा था कि अनुच्छेद-25 में दिया गया उपासना का मूल अधिकार सभी को समान रूप से दिया गया है। यह अधिकार समाज के उस भोले-भाले व्यक्ति को भी दिया गया है, जिसे बरगलाना आसान होता है, यह एकतरफा नहीं है। लोगों के इस अधिकार को सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है।

धर्मांतरण में फरेब, लालच, धोखे या भय के प्रयोग से लोगों को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश ने दो वर्ष पहले बहुत महत्वपूर्ण पहल की। रेवरेंड स्टैनिसलास बनाम मध्य प्रदेश के मुकदमे में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुरूप एक कानून बनाया गया। विधि विरुद्ध मतांतरण प्रतिषेध अधिनियम 2020 के माध्यम से इस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया। यदि कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से किसी दूसरी उपासना पद्धति को चुनता है, तो उस पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकती। केवल धोखा, लालच, फरेब जैसे साधनों से धर्म परिवर्तन पर पाबंदी लगाई गई है। इसमें महिलाओं तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के मामलों में गैर-कानूनी धर्म परिवर्तन पर अधिक कठोर दंड की व्यवस्था है। जहां गैर-कानूनी धर्म परिवर्तन करने पर पांच साल तक की सजा और न्यूनतम 15,000 रुपये के जुर्माने की व्यवस्था है, वहीं महिलाओं तथा अनुसूचित जाति, जनजाति के मामलों में 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 50,000 रुपये के जुर्माने की व्यवस्था है। इस कानून में कहा गया है कि अपना मत परिवर्तन करने वाले हर व्यक्ति को कम से कम 60 दिन पहले निर्धारित प्रारूप पर जिला मजिस्ट्रेट को सूचना देनी होगी। यह घोषणा करनी होगी कि वह बिना किसी भय, लालच या धोखे के और अपनी मर्जी से मतांतरण चाहता है। उसके बाद मतांतरण का अनुष्ठान सम्पन्न कराने वाला व्यक्ति उसकी सूचना कम से कम एक माह पूर्व जिला मजिस्ट्रेट को देगा, ताकि जिला मजिस्ट्रेट सुनिश्चित कर सकें कि धर्म परिवर्तन सहमति से हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के सामने केंद्र सरकार की ओर से दलील दी गई कि कुछ राज्यों में जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं, किंतु न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि यदि याचिका में लगाए गए आरोप सही हैं, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आम आदमी को मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार केलिए गंभीर खतरा हो सकता है। आशा है, अगली सुनवाई पर जब केंद्र सरकार पक्ष प्रस्तुत करेगी, तब धार्मिक आजादी के मूल अधिकार की दिशा में प्रभावी पहल की शुरुआत होगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

पर्वतारोही पर्वत से कहता है, 'तुमने इस बार तो मुझे मौका नहीं दिया, पर मौसम बदलेगा और मैं शीर्ष पर पहुंचूंगा। मैं फिर आऊंगा और तुम उस वक्त भी यहीं पर मेरी प्रतीक्षा कर रहे होगे। एक पत्ता जब सर्दियों में पेड़ से गिरता है, तो क्या वह वाकई ठंड से हार जाता है? उसके गिरने पर पेड़ उस पत्ते से कहता है- 'यह जीवन का चक्र है। तुम सोच सकते हो कि तुम खत्म होने जा रहे हो, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम मुझमें कायम रहोगे। तुम्हारा बहुत-बहुत शुक्रिया कि मैं जीवित हूं, क्योंकि मैं सांसें ले सकता हूं। तुम्हारा इस बात के लिए भी धन्यवाद कि मैं प्यार महसूस कर पाया, क्योंकि तुम्हारी ही बदौलत मैं थके हुए मुसाफिरों को अपनी शीतल छांह में पनाह दे सका। तुम्हारा रस मेरे रस में घुला हुआ है। हम एक ही चीज हैं।

# सेनानी हार कहां मानते हैं

एक आदमी, जिसने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत-शिखर को चूमने की तैयारी में वर्षों गुजार दिए, जब उस पहाड़ पर चढ़ता है और शिखर के करीब उसे यह दिखता है कि कुदरत ने तूफानी बादलों के जरिये शिखर को पूरी तरह से ढक दिया है, तो क्या वह अपनी हार मान लेता है? नहीं! वह पर्वतारोही पर्वत से कहता है, 'तुमने इस बार तो मुझे मौका नहीं दिया, लेकिन मौसम बदलेगा, बादल छंटेंगे और एक दिन मैं शीर्ष पर पहुंचूंगा। मैं फिर से आऊंगा और तुम उस वक्त भी यहीं पर मेरी प्रतीक्षा कर रहे होगे।

क्या एक जवान आदमी, प्यार में पहली बार ठुकराए जाने के बाद ही यह घोषणा कर देता है कि मोहब्बत का कोई वजूद ही नहीं? वह युवक अपने आप से कहता है, 'मैं किसी ऐसी युवती को चुनूंगा, जो मेरी भावनाओं की कद्र करे; मैं जो महसूस करता हूं, उसे वह बेहतर ढंग से समझने में सक्षम हो और तब मैं अपना शेष जीवन खुशी के साथ व्यतीत करूंगा।

किसी लड़ाई में मिली पराजय या अपना सोचा हुआ, सब कुछ खो देने के बाद हमारे पास दुख के क्षण जरूर आएंगे। यह बहुत स्वाभाविक बात है, लेकिन एक बार जब वे क्षण बीत जाएंगे, तब हम उस छिपी हुई ताकत को खोज सकने में समर्थ होंगे, जो हम में से प्रत्येक व्यक्ति के भीतर मौजूद है। वह एक ऐसी ताकत है, जो हमें आश्चर्यचकित कर देगी और हमारे आत्म-सम्मान को बढ़ाएगी। इसलिए कदम उठाने के लिए धैर्य के साथ सही वक्त का इंतजार कीजिए और अगले अवसर को अपने हाथ से न जाने दीजिए।

अपनी शिकस्त के चिह्नों, जिस्म में खरोंचों पर गर्व करना सीखें। ये निशान दरअसल आपकी देह पर अंकित तमगे हैं और यकीन मानिए, आपके दुश्मन इन चिह्नों से डरेंगे, क्योंकि ये युद्ध के आपके लंबे अनुभव, संघर्ष से अर्जित साहस के प्रमाण हैं। ये निशान उन्हें संवाद तलाशने और आपसे टकराने से बचने के लिए प्रेरित करेंगे। याद रखें, निशान उस तलवार से अधिक जोर से बोलते हैं, जो उन्हें देती है।

**पाउलो कोएल्हो**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग
ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair




DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन




सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता
मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# भेंट-मुलाकातः छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में सभी वर्गों के समुचित विकास लिए प्रतिबद्धः भूपेश बघेल

- कुमरदा को मिला तहसील का दर्जा और नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ रूपए की घोषणा
- तेलिनबांधा और झिथराटोला की हाईस्कूलों का होगा हायर सेकेंडरी में उन्नयन
- छुरिया स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर का किया जायेगा जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण
- उमरवाही और गेंदाटोला में बनेगा सेक्टर स्तरीय महिला प्रशिक्षण भवन
- ग्राम हालेकोसा के आश्रित ग्राम कोलिहाटोला से स्कूल पहुंच मार्ग के मध्य नाला पर होगा पुलिया निर्माण
- ग्राम भंडारीभरदा जलाशय के जीर्णोद्धार और नहर लाइनिंग कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति
- मुख्यमंत्री ने किसानों से पर्यावरण संरक्षण और गौ सेवा के लिए पैरादान करने की अपील की





## किसान से किया हर वादा निभाया: भूपेश बघेल

कोरोना काल में जहां वेतन कटौती हो रही थी और रोजगार के अवसर कम हो रहे थे वहां भी हमने किसानों से किया वादा निभाया, चार किश्त में ही सही पर किसानों को उनके खाते में पूरे पैसे मुहैया कराए। आज हमारे द्वारा चालू किये गए आजीविका मुल्क गतिविधियों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाली योजनाओं और समावेशी विकास के मॉडल को अन्य राज्य अपनाने में लगे हुए हैं। जमीनी हकीकत की परख करने के लिए आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल विधानसभा खुज्जी के छुरिया पहुंचे थे, जहां पर उन्होंने अपने वक्तव्य में यह बात कही। उन्होंने वहां के किसानों,महिलाओं और युवाओं से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सहभागिता का अनूठा उदाहरण भी प्रस्तुत किया, उन्होंने चंदेरीडीह नगर पंचायत वार्ड 12 से आई शारदा सिन्हा की समस्या को सुना, जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से वस्तुस्थिति का पता लगाया और ऑन द स्पॉट ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शारदा सिन्हा ने प्रदूषित पानी और राशन कार्ड ना होने की बात मुख्यमंत्री के सामने रखी थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत सीएमओ और पीएसी विभाग के संबंधित अधिकारियों को मामले के समाधान के लिए निर्देशित किया। इस प्रकार उन्होंने लोकतंत्र में खुले मंच पर सभी वर्ग को संवाद का सीधा अवसर उपलब्ध कराकर इस नई मिसाल रखी। भेंट मुलाकात कार्यक्रम में उन्होंने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पलकों को से भी बात की जिसमें सार्थक साहू के दादाजी ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को भविष्य का निर्माण करने वाले बच्चों के लिए सबसे बड़ा तोहफा बताया। उन्होंने कहा सेजेस के माध्यम से मुख्यमंत्री जी ने क्षेत्र के सपनों को साकार करने का कार्य किया है। आज गांव और कस्बे के युवा इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं ,सुनहरा भविष्य उनका आगे इंतजार कर रहा है इसका पूरा श्रेय मुख्यमंत्री जी को जाता है। इसके पश्चात कार्यक्रम के अंतिम अवसर पर मुख्यमंत्री ने छुरिया के दर्शक गणों से बात करते हुए खुशी जाहिर की कि धरातल पर भी शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है जिसका लाभ आमजन को मिल पा रहा है। शासन की योजनाओं की जानकारी का प्रचार प्रसार और बेहतर तरीके से हो इसके लिए राजीव युवा नेता क्लब गठन किया गया है, जिससे इसमें जुड़े सदस्य समाज के उत्थान के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। रिपा के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। आज छत्तीसगढ़ में पलायन की समस्या को नगण्य है जिसका मुख्य कारण शासन की जन हितैषी योजनाएं हैं जो आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगी छत्तीसगढ़ को और सशक्त बनाने का कार्य करेगी।

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधानसभा के ग्राम छुरिया में स्थित लगभग 200 साल पुराने शीतला माता मंदिर पहुँचे और संपूर्ण विधि-विधान से माता शीतला की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता शीतला से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों से भेंट-मुलाकात आरम्भ करते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार को बने चार साल हो गए, जिनमें से दो साल कोरोना संकट में बीत गया। इन चार सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं का ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वयन हुआ है या नहीं जानने के लिए मैंने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाक़ात अभियान की शुरुआत की है। प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों के समुचित विकास के पुरखों के सपने को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हमने सरकार बनते ही किसानों का ऋण माफी भी किया और धान के समर्थन मूल्य के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी देने की व्यवस्था की। इससे कोरोना संकट काल में किसानों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। आज हमारे द्वारा शुरू किये गए आजीविका मूलक गतिविधियों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाली योजनाओं और समावेशी विकास के मॉडल को अन्य राज्य अपनाने में लगे हुए हैं। हमारी सरकार ने न केवल धान खरीदी का काम किया बल्कि कोदो, कुटकी, रागी जैसे लघु धान्य फसलों की भी खरीदी की जा रही है। वनवासियों को उनकी मेहनत का वाजिब कीमत मिले इसके लिए तेंदूपत्ता की ख़रीदी 2500 से बढ़ाकर 4000 रुपये की गई है।

वहीं समर्थन मूल्य पर 7 से बढ़ाकर 65 तरह के लघुवनोपजों की ख़रीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार की योजनाओं से पलायन रुका। अब छत्तीसगढ़ में रिवर्स माइग्रेशन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों से खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर भी सही तरीके से हो रहा है जिसका लाभ आमजन को मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों से पर्यावरण संरक्षण और गौ सेवा के लिए वृहद रूप से पैरादान अभियान में शामिल होने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी की वजह से अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी को ध्यान में रखकर स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल की शुरुआत की गयी है। वहीं हिंदी माध्यम में भी स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन शुरू किया गया है। इस पहल से छत्तीसगढ़ के बच्चों को बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने छुरिया में आत्मानंद स्कूल के बच्चों के साथ वक्त बिताया। उन्होंने कैरम खेल रहे छात्रों मयंक, साबिर, धीरज के पास पहुँचकर कैरम खेलने की इच्छा ज़ाहिर की और उनके साथ कैरम पर हाथ भी आजमाया। भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम ऊंचाटोला के श्री श्रवण कुमार ने बताया कि उनकी तीन एकड़ की खेती है। राज्य सरकार द्वारा ऋण माफ़ी में उनका 50 हज़ार रुपये का क़र्ज़ माफ़ हुआ। वहीं धान बेचने के एवज़ में उनकी फसल का सही दाम मिल रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से मिले आदान सहायता से पैसे बच रहे हैं। जिनका उपयोग वे अपने खेतों को व्यवस्थित करने में कर रहे हैं। किसान श्री आकाश लोधी ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य सरकार द्वारा ऋणमाफी किए जाने से उनका 80 हज़ार रुपये का क़र्ज़ा माफ़ हुआ, जिससे उन्हें खेत भी नहीं बेचना पड़ा और अब घर की दैनिक ज़रूरतों की भी पूर्ति आसानी से हो जा रही है। उन्होंने गोबर बेचकर ही एक सेकंड हैंड बाइक भी खरीदी है। ग्राम दैहान निवासी नरेश कुमार ने बताया कि घर पर मवेशी होने के कारण वे सप्ताह में 3 से 4 क्विंटल गोबर का विक्रय करते है। इस योजना से अब घर पर गोबर को रखने की समस्या भी दूर हुई और बदले में पैसे भी मिल रहे हैं, जिससे वे घर की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम हो सके हैं। श्रीमती शीतला चंद्रवंशी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके समूह ने 2.5 लाख का गोबर बेचा। इस पर मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम स्थल में उपस्थित युवक आकाश ने जब मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने की इच्छा जताई तो सहर्ष ही मुख्यमंत्री ने उसे अपने साथ आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना से लाभान्वित ग्रामीण ने अपनी लिखी कविता की पंक्तियों से मुख्यमंत्री की प्रशंसा की।

ग्राम झोंक की श्रीमती जामुन बाई और ग्राम छुरिया की श्रीमती शारदा सिन्हा ने बताया कि उनका राशन कार्ड नहीं बन पाया है। मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत के सीएमओ को तत्काल एपीएल कार्ड बनाने के निर्देश दिए। श्रीमती शारदा सिन्हा ने नलकूप से दूषित पानी आने की समस्या बताए जाने पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पीएचई विभाग को जाँच कर रिपोर्ट से अवगत कराने के लिए निर्देशित किया।

छुरिया भेंट-मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान बाबूटोला के कृषि मज़दूर श्री शोषन देवार ने बताया कि उनके गाँव में 40 लोगों को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मज़दूर न्याय योजना का लाभ मिल रहा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा तूलिका साहू और 12वीं के छात्र सार्थक साहू ने मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ी में पूछे गए सवालों का फ़र्राटेदार अंग्रेज़ी में जवाब दिया। बच्चों के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने उनके साथ सेल्फी खिंचाई। जब बच्चों से सेल्फी लेते नहीं बना तो मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उनका मोबाइल अपने हाथ में लेकर तस्वीर ली।

## मुख्यमंत्री ने डोंगरगढ़ में सी-मार्ट का किया शुभारंभ



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज डोंगरगढ़ में सी मार्ट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के समक्ष 60 हजार रुपये की खरीददारी के साथ सी मार्ट का शुभारंभ हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग ने अपने विभाग की जरूरत के लिए की खरीददारी। इसे पूजा सामग्रियों के लिए खास तौर पर खोला गया है। पूर्व में ट्रायल के दौरान एक सप्ताह में 70 हजार रुपए की बिक्री हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां माता बम्बलेश्वरी जी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कई प्रकार के अच्छे सामानों की खरीदारी करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ मां बम्बलेश्वरी माता का विशेष महत्व है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शनार्थी और श्रद्धालु आते हैं। इन सभी को छत्तीसगढ़ी परंपरागत सामग्रियों की खरीदी का मौका मिलेगा । यहां सी मार्ट में माता की चुनरी, प्रसाद ,पूजन सामग्री ,मां बमलेश्वरी की फोटो, सहित छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, आचार,पापड़,बड़ी सहित परंपरागत छत्तीसगढ़ी उत्पाद का स्टॉक रखा गया है।

## मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं

1. छुरिया स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया जायेगा।
2. मरकाकसा से जोब तक सड़क निर्माण करवाया जायेगा।
3. उमरवाही और गेंदाटोला में सेक्टर स्तरीय महिला प्रशिक्षण भवन बनवाया जायेगा ।
4. तेलिनबांधा और झिथराटोला की हाईस्कूलों को हायर सेकेंडरी में उन्नयन किया जायेगा
5. ग्राम हालेकोसा के आश्रित ग्राम कोलिहाटोला से स्कूल पहुंच मार्ग के मध्य नाला पर पुलिया निर्माण करवाया जायेगा।
6. नेशनल हाईवे क्र. 06 सड़क चिरचारी से जोब तक सड़क के मजबूतीकरण का कार्य करवाया जायेगा।
7. ग्राम भंडारीभरदा जलाशय के जीर्णोद्धार और नहर लाइनिंग कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति दी जायेगी ।
8. नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ की घोषणा।
9. उमरदा को तहसील का दर्जा देने की घोषणा की।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसान ईश्वर लाल के घर में किया भोजन

## लाखड़ी भाजी, अमाड़ी का चटनी, कुम्हरा का भजिया का लिया स्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भेंट-मुलाकात के क्रम में आज ग्राम चिल्हाटी पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दोपहर का भोजन किसान श्री ईश्वरलाल रामा के घर में किया। घर पहुंचने पर श्री ईश्वरलाल और उनके परिवारवालों ने मुख्यमंत्री का स्वागत पारंपरिक तरीके के साथ किया गया।



मुख्यमंत्री को कांसे की थाली में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी भोजन परोसा गया। परोसे गए लाखड़ी भाजी, अमाड़ी का चटनी, कुम्हड़ा का भजिया, जिमी कांदा, गोभी भाजी, कोचई पत्ता का बखोरी और पपीता का बड़ा का मुख्यमंत्री ने बड़े सादगी के साथ ग्रहण किया।

उन्होंने ईश्वर लाल के परिवार को स्नेह के साथ भोजन कराने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री के साथ संसदीय सचिव श्री इंदरशाह मंडावी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने भी भोजन ग्रहण किया।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि 17 नवम्बर पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन को दिशा देने वाले तीन प्रमुख नेताओं लाल-बाल-पाल में से लाला लाजपत राय एक थे, उन्हें पंजाब केसरी के नाम से भी जाना जाता है। साइमन कमीशन के विरोध के दौरान हुए लाठी-चार्ज में घायल होने पर लाला जी ने कहा था कि 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक एक कील का काम करेगी' । उनकी कही बात सही साबित हुई और लाला जी के बलिदान ने लोगों के दिलों में आजादी की ललक और बढ़ा दी।






## खास खबर

### अबूझमाड़ के कोहकामेटा, सोनपुर और बासिंग में वी-सेट लगने से मिली इंटरनेट की सुविधा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का महाभियान एक नवम्बर से प्रारंभ हो गया है। राज्य सरकार किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की है। इस वर्ष किसानों को सामान्य टोकन के साथ-साथ टोकन तुहंर हाथ 'एप्प' के जरिए भी टोकन धान विक्रय की सुविधा दी गई है। धान विक्रय संबंधी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसी कड़ी में नारायणपुर जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ वनांचल ग्राम कोहकामेटा, सोनपुर और बासिंग में वी-सेट के माध्यम से हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कर एक नही पहल की शुरूआत की है।

गौरतलब है कि नारायपुर वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्र हैं जहां नेटवर्क की समस्याएं बनी रहती है, ऐसी स्थिति में नारायणपुर कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा नेटवर्क की समस्याओं से निजात पाने जिले के दूरस्थ अबूझमाड़ क्षेत्र के पंचायतों में वी-सेट इंटरनेट से जोड़कर सामान्य सेवा केंद्र शुरू किए जा रहे हैं, इससे इन पंचायतों में बगैर समस्या के हाईस्पीड इंटरनेट सेवा की सुविधा जारी रहेगी। जिले में ऐसे 3 पंचायतों का चयन किया गया है। जिन हिस्सों में वर्तमान में इंटरनेट की सुविधा नही है और जहां धान खरीदी की शुरुआत की गई है। वी-सेट से जुड़ते ही यहां पूरे समय सीएससी में काम जारी रहेगा।

सीएससी के माध्यम से पंचायतों में आय, जाति, निवास सहित अन्य दस्तावेज भी बनाने का काम जारी है। इन क्षेत्रो के ग्रामीणों को ऐसे कार्यों के लिए ब्लाक व जिला मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता था। इसी समस्या के चलते कलेक्टर ने ऐसे गांवों को चिह्नित कर वी-सेट से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन की पहल पर जिले की 3 ग्राम पंचायतों कोहकामेटा, सोनपुर और बासिंग में वी-सेट लगाया जा रहा है। गांवों के किसानों से बात करने पर उन्होंने बताया कि वी-सेट लगने से गांव के किसानों को अब धान का टोकन प्राप्त करने सहित शासन की अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा लोक सेवायें नागरिकों को आसानी से प्राप्त होगी। गांवों में आधार पंजीयन केन्द्र भी प्रारंभ होंगे, जिससे ग्रामीणों को आधार पंजीयन, सुधार की सुविधा भी प्राप्त होगी।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाः स्व-उद्यम के लिए युवाओं से ऋण स्वीकृति हेतु आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना (एम.एम.वाय.एस.वाय) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए युवाओं से स्व-उद्यम की स्थापना के लिए ऋण स्वीकृति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इससे युवा आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर होने के लिये उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय प्रारंभ कर सकेंगे। इस योजनान्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि करते हुए सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना है। योजनान्तर्गत विनिर्माण उद्यम हेतु अधिकतम परियोजना लागत 25 लाख रूपये, सेवा उद्योग हेतु अधिकतम परियोजना लागत 10 लाख रूपये एवं व्यवसाय हेतु अधिकतम परियोजना लागत 2 लाख रूपये तक के ऋण बैंकों के माध्यम से स्वीकृत किये जायेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग के आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में आवेदन प्रस्तुत करें। इसके लिए आवेदन पत्र कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उद्योग भवन, तृतीय तल, रिंग रोड नं.-1, तेलीबांधा, रायपुर में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर 30 नवबंर तक जमा कर सकते है।

### छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के सदस्य आरके टम्टा को दी गई भावभीनी विदाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष विवेक ढांड की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में आज प्राधिकरण के सदस्य आरके टम्टा को उनका कार्यकाल पूरा होने पर भावभीनी बिदाई दी गई। श्री टम्टा ने छत्तीसगढ़ संपदा विनियामक प्राधिकरण के सदस्य का प्रभार 19 मार्च 2018 को ग्रहण किया था। कार्यक्रम में न्यायनिर्णायक अधिकारी दीपा कटारे, रजिस्ट्रार डॉ. अनुप्रिया मिश्रा एवं विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### कृषि उत्पादन आयुक्त ने रबी फसलों की बोआई और खाद-बीज वितरण की स्थिति की समीक्षा की

# उर्वरकों की गुणवत्ता और कालाबाजारी पर सघन निगरानी के दिए निर्देश

## रबी फसलों की बुआई के लिए मौसम अनुकूल, गेहूं, चना, सरसों बीज के वितरण में लाये तेजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने महानदी मंत्रालय भवन में कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता एवं बीज निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर राज्य में चालू रबी सीजन में फसलों की बोआई तथा किसानों को खाद-बीज की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।**



कृषि उत्पादन आयुक्त ने अधिकारियों को खाद और बीज के वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के साथ ही जिलों की डिमांड के आधार पर उर्वरकों एवं रबी फसलों की बीज का भण्डारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि किसी भी स्थिति में खाद-बीज की आपूर्ति में कमी नहीं होना चाहिए। किसानों को उनकी डिमांड के आधार पर उच्च गुणवत्ता के प्रमाणित बीज और उर्वरक उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने रबी फसलों के बीज एवं रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच का संघन अभियान भी संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी और उर्वरक निरीक्षकों की टीम खाद और बीज विक्रेता संस्थाओं से नियमित रूप से नमूने संकलित करें और उसका लैबोट्री टेस्ट कराये। उन्होंने कहा कि उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि चालू रबी सीजन में राज्य में 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 3.48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की जा चुकी है, जो लक्ष्य का 18 प्रतिशत है। इसी तरह रबी वर्ष 2022-23 में 3 लाख 18 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अंतगर्त एक लाख 25 हजार क्विंटल गेंहू, 96 हजार 900 क्विंटल चना, 15 हजार क्विंटल मटर, 4450 क्विंटल सरसो और 77 हजार 50 अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक सहकारी समितियों, शासकीय संस्थाओं सहित निजी क्षेत्रों में विभिन्न फसलों को 80 हजार क्विंटल बीज का भण्डारण कराया गया है, जिसमें से 15 हजार 217 क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कि बीज भण्डारण का 19 फीसदी है।

इसी तरह रबी सीजन वर्ष 2022-23 में 4.80 लाख मीटरिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें यूरिया 2.24 लाख मीटरिक टन, डीएपी 70 हजार मीटरिक टन, एनपीके 35 हजार मीटरिक टन, पोटाश 21 हजार मीटरिक टन, सुपर फॉस्फेट एक लाख 30 हजार मीटरिक टन शामिल हैं। मार्कफेड, सहकारी समितियों और निजी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के 3 लाख 62 हजार मीटरिक टन उर्वरक भण्डारित है, जिसमें से 37 हजार 166 मीटरिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कि भण्डारित मात्रा का 10 प्रतिशत है। समीक्षा बैठक में विभागीय संचालक, प्रबंध संचालक बीज निगम, मार्कफेड एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए दिए गये निर्देशों का गंभीरता से पालन करें: डॉ सर्वेश्वर भुरे

**रायपुर।** डॉ सर्वेश्वर भुरे ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के रेडक्रॉस सभाकक्ष में शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार नही होने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने के साथ-साथ अनिवार्य रूप से पुनरावृत्ति भी कराने कहा। इसके लिए अतिरिक्त कक्षा भी लगाएं। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए यह आवश्यक है। स्कूलों में शारीरिक रूप से कमजोर और बीमार बच्चों का चिन्हांकन करें और उन्हे समुचित ईलाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी करें। इसी तरह स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यो कों यथाशीघ्र पूर्ण करायें। इस बात का विशेष ध्यान रखें की शाला परिसर में स्थित शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई हो। अधोसंरचना एवं निर्माण कार्यो अतिरिक्त कक्ष निर्माण और शाला का जीर्णोद्वार कार्य में देरी ना करें। स्कूलों में फर्नीचर, विधुत, पेयजल आदि की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शालाओं की संख्या के साथ-साथ दर्ज बच्चों और पदस्थ शिक्षको की संख्या की जानकारी भी ली।

## 47 नए धान खरीदी केन्द्र खोलने की मिली अनुमति

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 एवं आगामी खरीफ विपणन वर्षों के लिए 47 नए धान खरीदी केन्द्र खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। धान खरीदी केन्द्रों में नियमों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है।

सुकमा जिले में छिन्दगढ़ विकासखंड के चिडपाल और गुडरा नवीन धान खरीदी केन्द्र, बालोद जिले के डौण्डी विकासखंड में बेलोदा, रीवागहन नवीन खरीदी केन्द्र, रायगढ़ जिले के रायगढ़ विकासखंड में केराझर नवीन खरीदी केन्द्र, कोरबा जिले के कोरबा विकासखंड में लेमरू एवं चचिया खरीदी केन्द्र एवं पाली विकासखंड में पोटापानी नवीन खरीदी केन्द्र, बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड में एर्राकोट खरीदी केन्द्र एवं जगदलपुर विकासखंड में मरावंडकला नवीन खरीदी केन्द्र, दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड में केशापुर खरीदी केन्द्र, बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड में मोढे नवीन केन्द्र, बिल्हा विकासखंड में बेलतरा और गोढ़ी नवीन केन्द्र एवं कोटा विकासखंड में पोडी नवीन खरीदी केन्द्र, महासमुंद जिले के सराईपाली विकासखंड के आवलाचक्का और बाराडोली खरीदी केन्द्र एवं बसना विकासखंड के छादनपुर और गढ़पटनी नवीन खरीदी केन्द्र, पिथौरा विकासखंड में बरनाईदादर नवीन खरीदी केन्द्र, कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड में महीडबरा खरीदी केन्द्र, सहसपुर लोहारा विकासखंड में रक्से खरीदी केन्द्र एवं कवर्धा विकासखंड में धमकी नवीन खरीदी केन्द्र, गौरेला-पेण्ड्रर-मरवाही जिले के गौरेला विकासखंड में जोगीसार नवीन खरीदी केन्द्र, सक्ती जिले के मालखरौद विकासखंड में लिमगांव एवं डभरा विकासखंड में सुखदा खरीदी केन्द्र, बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड में गनिया एवं साजा विकासखंड में लूक नवीन खरीदी केन्द्र, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड में छाछी एवं कुशगढ़ नवीन खरीदी केन्द्र एवं बलौदाबाजार विकासखंड में गिन्दोला नवीन खरीदी केन्द्र, मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में लीलापुर और कोदवामहंत नवीन खरीदी केन्द्र, कोण्डागांव जिले के फरसगांव विकासखंड में आलोर नवीन खरीदी केन्द्र एवं माकड़ी विकासखंड में मगेदा नवीन खरीदी केन्द्र, गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड में तर्रा नवीन खरीदी केन्द्र, मनेन्द्रगढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ विकासखंड में चिचोला खरीदी केन्द्र, बीजापुर जिले के बीजापुर विकासखंड में सडार खरीदी केन्द्र, धमतरी जिले के नगरी विकासखंड में करैहा नवीन खरीदी केन्द्र, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड में झिंझारी नवीन खरीदी केन्द्र, जशपुर जिले के पत्थलगांव विकासखंड में सुरंगपानी खरीदी केन्द्र, सारंगगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड में कैथा खरीदी केन्द्र तथा सारंगढ़ विकासखंड में लिमगाव नवीन खरीदी केन्द्र, जांजगीर चांपा जिले में पामगढ़ विकासखंड के सेमरिया नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने की अनुमति प्रदान की गई है।

## गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति, वृद्ध, निःशक्त, कुष्ठ रोगी राशन के लिए नामिनी नियुक्त कर सकेंगे

### राज्य में अब तक राशन उठाव के लिए 74 हजार 762 नामिनी नियुक्त

### तुलसिया साहू को मिला 20 किलो निःशुल्क चावल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अत्यधिक वृद्ध एवं शारीरिक रूप से निःशक्त तथा कुष्ठ रोग सहित गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को राशन प्रदाय करने के लिए उनसे आवेदन प्राप्त कर उचित मूल्य दुकान के किसी अन्य राशनकार्डधारी को नामिनी नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है, ताकि इस श्रेणी के किसी भी हितग्राही को राशन सामग्री प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो।

राज्य शासन द्वारा लागू की गई इस व्यवस्था के जरिए शारीरिक रूप से निःशक्त हितग्राहियों द्वारा लाभ उठाया जा रहा है। इस प्रावधान के अंतर्गत अब तक राज्य में 74 हजार 762 राशनकार्ड धारियों को अन्य शारीरिक रूप से निःशक्त हितग्राहियों के राशन सामग्री के प्रतिमाह उठाव हेतु नामिनी नियुक्त किया गया है। राज्य शासन द्वारा गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति, वृद्ध, निःशक्त, कुष्ठ पीड़ित हितग्राहियों को प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिन के जरिए राशन सामग्री के प्रदाय हेतु भी सुविधा भी दी गई है, ऐसे उपभोक्ता की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अथवा मितानिन अंगूठे का निशान देकर हितग्राहियों के लिए राशन सामग्री का उठाव कर उन्हें प्रदाय कर सकती है।

छत्तीसगढ़ के नवगठित जिले मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखण्ड भरतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चाटी में निवासरत तुलसिया साहू को प्राथमिकता श्रेणी का राशनकार्ड क्रमांक-223841032327 जारी है। तुलसिया साहू को भी ग्राम पंचायत चाटी की उचित मूल्य दुकान के एक राशनकार्डधारी को उनकी ओर से नामिनी नियुक्त कर राशन सामग्री प्रदाय किया गया, जिसके अंतर्गत उन्हें 20 किलो चावल निःशुल्क वितरित किया गया है। राज्य शासन द्वारा समस्त जिला खाद्य अधिकारियों को ऐसे निःशक्त श्रेणी के हितग्राहियों को नामिनी के जरिए राशन सामग्री प्रदाय करने के लिए कार्यवाही करने के आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।

# गाइडलाईन के अनुरूप शासकीय विभागों के जर्जर भवनों और खाली जमीनों का किया जाएगा व्यवस्थित विकास

### व्यावसायिक और आवासीय विकल्प के रूप में परियोजना तैयार करने के दिए निर्देश

## लोक निर्माण विभाग मंत्री की अध्यक्षता में मंत्री समूह/समिति की बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में उनके सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय परियोजना समिति (मंत्री समूह) की बैठक हुई। बैठक में परियोजना समिति के सदस्य वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया एवं खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत शामिल हुए।

बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी रिडेव्हलपमेंट पॉलिसी के तहत प्रदेश में विभिन्न विभागों, निगम-मंडलों, कंपनी और बोर्ड के अधीन जर्जर शासकीय भवनों तथा खाली पड़े जमीनों के व्यवस्थित विकास एवं सदुपयोग के संबंध में विस्तारपुर्वक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान मंत्रियों ने कहा कि प्रदेश के चिन्हांकित जमीनों तथा जर्जर भवनों का रिडेव्हलपमेंट एवं सुव्यवस्थित विकास के दौरान पुराने पेड़ों और ऐतिहासिक धरोहरों, भवनों को संरक्षित कर विकास किया जाए।




बैठक में सबसे पहले 23 अगस्त 2022 को आयोजित बैठक की कार्रवाही विवरण पर चर्चा की गई। इसके बाद बीटीआई आवासीय परिसर शंकर नगर रायपुर की भूमि, रामानुजगंज जिला बलरामपुर स्थित पशु चिकित्सालय की भूमि, कटघोरा जिला कोरबा स्थित सिंचाई विभाग की भूमि के व्यवस्थित विकास के बारे में चर्चा की गई। साथ ही शांति नगर रायपुर के सुव्यवस्थित विकास और उपयोग के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में पूर्व अनुमोदित योजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में भी मंत्री समूह ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। मंत्रियों ने कहा कि प्रारंभिक चरण में प्रदेश के इन चिन्हांकित जमीनों का व्यवस्थित विकास किया जाए। अलग-अलग विकल्पों के रूप में व्यावसायिक, आवासीय अथवा केवल व्यावसायिक या केवल आवासीय परियोजना तैयार किया जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू , रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं आयुक्त छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड धर्मेश साहू, सहित आरडीए, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# वाणी कपूर ने साइन की अपनी अगली फिल्म

# मिला निखिल का साथ



अभिनेत्री वाणी कपूर पिछली बार फिल्म शमशेरा में नजर आई थीं। फिल्म में भले ही उनके काम की तारीफ हुई हो, लेकिन शमशेरा की कहानी ने दर्शकों को निराश किया। अब प्रशंसकों की निगाहें वाणी की अगली फिल्म पर हैं। खबर है कि उन्होंने सत्यमेव जयते, एयरलिफ्ट और बाटला हाउस जैसी सफल फिल्में बना चुके निखिल आडवाणी की एक फिल्म साइन कर ली है। फिल्म महिला केंद्रित होगी। आइए जानते हैं इससे जुड़ी और क्या जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वाणी, निखिल आडवाणी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले एक हल्की-फुल्की ड्रामा फिल्म में काम करने जा रही हैं। इस फिल्म की कहानी पांच महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमेगी। वाणी के नाम पर निर्माताओं की पक्की मुहर लग चुकी है। वह अगले साल की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी, वहीं बची हुईं चार हीरोइनों की तलाश जारी है। फिल्म में प्राजक्ता कोली की एंट्री भी हो सकती है। उनसे फिलहाल बातचीत चल रही है।

प्राजक्ता भले ही इंडस्ट्री के लिए नया नाम हो, लेकिन सोशल मीडिया पर वह सुपरहिट हैं। यूट्यूब पर उनके 67 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। वेब सीरीज मिसमैच्ड में काम कर प्राजक्ता ने खूब लोकप्रिय बटोरी। जुग जुग जियो उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म थी।

वाणी अभिनीत इस फिल्म के निर्देशन की कमान मिताक्षरा कुमार संभालेंगी, जिन्होंने डिज्नी प्लस हॉटस्टार की शानदार पीरियड ड्रामा सीरीज द एम्पायर का निर्देशन किया था। इसके जरिए वह फिल्मी दुनिया में अपने निर्देशन की शुरुआत करने जा रही हैं। मिताक्षरा बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी फिल्मों के असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुकी हैं और अब अपने करियर में पहली बार किसी फीचर फिल्म से बतौर निर्देशक जुड़कर वह बेहद खुश और उत्साहित हैं। वाणी ने निखिल के साथ पहले फिल्म बेल बॉटम में काम किया था। यह फिल्म पिछले साल रिलीज हुई थी। निखिल फिल्म के सह-निर्माताओं में से एक थे। फिल्म की शूटिंग के दौरान वाणी का उनके साथ काफी अच्छा तालमेल हो गया था। अब दोनों ने एक-दूसरे से दोबारा नई फिल्म के लिए हाथ मिलाए हैं। जहां निखिल फिल्म में वाणी की कास्टिंग से खुश हैं, वहीं वाणी भी उनके साथ अपना नया सफर शुरू करने के लिए उत्साहित हैं।

वाणी जल्द ही दिनेश विजन की फिल्म सर्वगुण संपन्न में नजर आएंगी। शोनाली रतन इस सोशल कॉमेडी फिल्म की निर्देशक हैं। वाणी इसमें एक मजबूत महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बता दें कि वाणी ने यशराज बैनर की फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी।

## फोटोशूट के लिए निक्की तंबोली ने पहनी बेहद डीपनेक ड्रेस

निक्की तंबोली टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस हर बार अपने लुक्स और बोल्ड फिगर के कारण सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में निक्की तंबोली बेहद ही सेक्सी कर्वस फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। अभिनेत्री हर बार अपनी सेक्सी अदाओं का जादू फैंस में इस कदर चलाती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली हमेशा अपने स्टनिंग लुक्स से फैंस को इस कदर अपना दीवाना बना देती हैं कि फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट लुक से एक बार फिर फैंस को हैरान कर दिया है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री निक्की तंबोली बेहद ही सुपबोल्ड लुक्स में सेक्सी कर्वस फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। हद से ज्यादा डीप नेक ड्रेस गाउन पहन कर निक्की तंबोली काफी शानदार लग रही हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली का लुक फैंस को बेहद ही पसंद आ रहा है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के उन्होंने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने कैप्शन शेयर करते हुए लिखा है- हीटवेव से भी ज्यादा हॉटर। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस निक्की की इन तस्वीरों पर भी एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- वट ए ब्यूटी तो वही दूसरे यूजर ने लिखा है- हॉटनेस ब्यूटी गर्ल।





## ऋतिक रोशन अपनी आने वाली फिल्म फाइटर की शूटिंग के लिए असम पहुंचे

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म फाइटर की शूटिंग के लिए असम के तेजपुर पहुंचे। ऋतिक फाइटर में वायुसेना के पायलट की भूमिका निभा रहे हैं, जिसके लिए वह सैन्य अधिकारियों की देखरेख में सलोनीबाड़ी में सैन्य हवाईअड्डे पर प्रशिक्षण लेंगे और शूटिंग करेंगे। पता चला है कि ऋतिक फिल्म में अत्याधुनिक सुखोई 30 फाइटर जेट में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग 18 नवंबर से शुरू होगी। फिल्म में दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका निभाएंगी।

प्रोडक्शन हाउस के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने ऋतिक और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की एक तस्वीर साझा की, जो एक निजी विमान के बगल में खड़े थे और एक तस्वीर के लिए पोज दे रहे थे। फोटो में ऋतिक एक काले रंग की पोशाक पहने हुए थे, जबकि निर्देशक ने एक हुडी और जींस पहन रखी थी। प्रोडक्शन हाउस ने तस्वीर को कैप्शन दिया, और शुरू होता है- फाइटर।

## वरुण धवन-कृति सैनन की फिल्म भेड़िया का गाना जंगल में कांड' रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और कृति सैनन की आने वाली फिल्म भेड़िया का गाना जंगल में कांड रिलीज़ हो गया है। जंगल में कांड गाना को सचिन-जिगर द्वारा कंपोज किया गया है, जिसे विशाल ददलानी, सुखविंदर सिंह, सिद्धार्थ बसरूर और सचिन-जिगर ने अपनी आवाज दी है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इस गाने के बोल लिखे हैं। सचिन-जिगर ने कहा, जंगल में कांड के साथ, हमने ट्राइबल डांस म्यूजिक को मजेदार तरीके से प्रजेंट करने की कोशिश की है। विशाल ददलानी और सुखविंदर सिंह की सारी देसी एनर्जी के साथ, हम उम्मीद कर सकते हैं कि दर्शक ठुमकेश्वरी के बाद भी इस गाने पर भी नाचेंगे। अमर कौशिक के निर्देशन में बनीं भेड़िया एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है और यह 25 नवंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## कार्ति-स्टारर सरदार 18 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी

निर्देशक पी.एस. मिथुन की सुपरहिट स्पाई थ्रिलर सरदार 18 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी, जिसमें कार्ति मुख्य भूमिका में हैं। नुकीले, मनोरंजक और मनोरंजक स्पाई थ्रिलर के तमिल और तेलुगु संस्करण, जिसमें राशी खन्ना, राजिशा विजयन, चंकी पांडे और लैला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा पर रिलीज होगी। सरदार विजय प्रकाश (कार्थी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो प्रचार का भूखा पुलिस वाला है, जिसे देशद्रोही का बेटा होने का भूत सताता है। विजय प्रकाश के जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ तब आता है जब जल निकायों के निजीकरण के खिलाफ अभियान चलाने वाली कार्यकर्ता समीरा (लैला) की रहस्यमय तरीके से मौत हो जाती है। विजय प्रकाश झूठ और धोखे के एक जटिल जाल का पता लगाने के लिए हत्यारों का पता लगाने की कोशिश करता है। वह स्थिति की गंभीरता को समझते हैं और समझते हैं कि इससे देश खतरे में पड़ सकता है। इसके केंद्र में राठौड़ है, जो एक दुष्ट व्यापारी (चंकी पांडे) है। विजय प्रकाश को पता चलता है कि एकमात्र व्यक्ति जो राठौर की नापाक योजनाओं को विफल कर सकता है, वह उसका सुपर जासूस पिता (कोडनाम सरदार) है, जो निर्वासन में रह रहा है ..फिल्म में दोहरी भूमिका निभाने वाले कार्ति ने कहा, एक रहस्यपूर्ण कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए सरदार का हिस्सा बनने का सबसे बड़ा आकर्षक कारण था। मैं उत्साहित हूं कि अब दर्शकों का एक नया आधार अहा पर तमिल और तेलुगु में फिल्म देखेगा।

Hero
Authorised Dealer
KGN HERO
9907999822, 7974074371
Junwani Road, Near By Falaknuma Masjid, Kohka, Bhilai, E-Mail:kgnhero06@gmail.com

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र बोहारडीह एवं धनेली का आकस्मिक निरीक्षण

**बालोद**। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज गुरूर विकासखंण्ड के धान खरीदी केन्द्र बोहारडीह एवं धनेली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु धान खरीदी केन्द्रो में नमी मापक यंत्र, कांटाबाट, विद्युत एवं इंटरनेट आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रो में किसानो की सुविधा हेतु शुद्व पेयजल, छांव एवं कुर्सी आदि की प्रबंध के अलावा शौचालय आदि की समुचित प्रबंध कराने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र से धान की गुणवत्ता की जॉच की और समिति प्रबंधक एवं अधिकारियों को धान खरीदी के समय धान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए उनके सहुलियत हेतु लांच किए गए एप्प के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस नये एप्प के माध्यम से किसान घर बैठे अपना पंजीयन कराकर धान बिक्री के लिए टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

### ज़िला साहू संघ राजनांदगांव का कार्यकारिणी विस्तार किया गया

**राजनांदगांव**। जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणी साहू ने अनुशंषा कर विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया। व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक बने दिनेश कुमार साहू। भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक दिनेश कुमार साहू बने। जिसमे सलाहकार आकाश साहू,राजेश साहू, नवीन साहू, सहसंयोजक खेलन सार्वा राधेश्याम साहू, सचिव योगेश कुमार साहू,सह सचिव ललित साहू, शोभा राम साहू, संगठन सचिव फगू राम साहू, सोमनारायण साहू, मिडिया प्रभारी डुकेश साहू, उत्तम साहू कार्यकारिणी सदस्य ललित साहू, गुरु चरण साहू, विकास साहू, पूरन् साहू, एवं शेष कार्यगरिणी का विस्तार शपथ ग्रहण के पश्चा किया जाएगा।

# जर्मनी की एएलडीआई कम्पनी ने प्राकृतिक रेशा इकाई में दिखाई रूचि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा**। जर्मनी की बहुप्रचलित बहुराष्ट्रीय कम्पनी ए.एल.डी.आई. ग्रुप के अनुसंधान समूह की महिला श्रीमती जाना क्रिस्टेल स्टेम ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों से टिकाऊ एवं पर्यावरण के अनुकुल प्राप्त प्राकृतिक रेशा से निर्मित धागे, कपड़े एवं रेशा से निर्मित अन्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों का प्रचलन अपने राष्ट्र में प्राकृतिक प्ररिधान को अपनाने की परिकल्पनाओं के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के बेमेतरा जिले के गौठान ग्राम राखी में भ्रमण के दौरान केला तना रेशा निष्कासन इकाई के उन्नति महिला केला तना रेशा उत्पादक समिति की महिलाओं से भेंट मुलाकात कर इस क्षेत्र में केला तना रेशा से निर्मित की जाने वाली विभिन्न



उत्पादों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर उत्पादों की सराहना की एवं इसे हम सभी को अपने दैनिक जीवन में आवश्यकतानुसार उपयोग करने की बात को जोर देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में किए जा रहे इस अनुठे पहल की सराहना की।

कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिक डॉ. रंजीत सिंह राजपूत एवं डॉ. जितेन्द्र जोशी के माध्यम से श्रीमति जाना ने महिलाओं से बातचीत कर सभी के साथ अपना कार्य अनुभव साझा किया। साथ ही कृषि अपशिष्ट से उत्पादित विभिन्न सामग्रियों के उपयोग से वर्तमान की महत्वपूर्ण समस्याएं जैसे-ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन इत्यादि के प्रभाव को कम करने में कैसे सहायक हो सकती है इस पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होने बताया कि उनके क्षेत्र में पालीस्टर, सींथेटिक इत्यादि के कपड़ों का इस्तेमाल अत्यधिक किया जा रहा है जिसमें कुछ मात्रा में कपास को मिलाकर सींथेटिक कपड़ों का निर्माण किया जा रहा है।

इन्होने भविष्य में भरोसा जताया है कि ग्रुप निश्चित ही छत्तीसगढ़ राज्य में प्राकृतिक रेशा के इस क्षेत्र में काम करना चाहेंगे और अपनी बात वह जर्मनी की ए.एल.डी.आई. ग्रुप को समझायेंगी। इस अवलोकन एवं भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिक डॉ. एकता ताम्रकार के द्वारा केले की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं केला फसल अवशेष की उपयोगिता बताई गई साथ ही श्री तोषण कुमार ठाकुर ने हस्तनिर्मित विभिन्न प्रकार के केला तना रेशा से बने पेपर बनाने की तकनीक एवं इनके विभिन्न उत्पादों के विपणन की जानकारी दी। डॉ. चेतना बंजारे व डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय के द्वारा हस्तशिल्प एवं हथकरघा से निर्मित विभिन्न उत्पाद एवं केला तना की व्यवस्था की जाने की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान ग्राम गौठान राखी की स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ ग्राम पंचायत राखी के सरपंच एवं पंचगण भी उपस्थित रहे। श्रीमति जाना क्रिस्टेली स्टेम ने इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति, डॉ. गिरीष चंदेल, निदेशक विस्तार सेवायें, डॉ. अजय वर्मा से भी मुलाकात किये एवं इस क्षेत्र में अनुबंध, विपणन इत्यादि विषय पर विस्तार से चर्चा की।

### विभिन्न सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 2.35 करोड़ रूपए की मंजूरी

# सिकलसेल पीड़ित बालिका गीतिका का उपचार का खर्च उठाएगी सरकारः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संध्या अंबागढ़ चौकी में विभिन्न समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मण्डल से भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एक-एक कर सभी समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही उनसे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में भी फीडबैक लिया।




मुख्यमंत्री श्री बघेल से आज अम्बागढ़ चौकी में सामाजिक संगठनों से मुलाकात के दौरान कुमारी अंबागढ़ तहसील के ग्राम कहाड़कसा की 10 वर्षीय बालिका गीतिका पाल की बड़ी मां श्रीमती नूतन पाल ने सिकलसेल के उपचार के लिए आर्थिक मदद का निवेदन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कमजोर आर्थिक परिस्थिति होने के कारण गीतिका के उपचार में समस्या आ रही है। मुख्यमंत्री ने पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए गीतिका के इलाज का संपूर्ण खर्च राज्य शासन द्वारा वहन करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने दोनों पैरो से दिव्यांग 17 वर्षीय पुष्पलता के लिए मोटराइज्ड सायकिल देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। पुष्पलता अपने पिता श्री हेमंत यादव के कंधे पर बैठकर मुख्यमंत्री से मिलने आयी थीं। अम्बागढ़ चौकी के ग्राम बूढ़ा डबरी निवासी पुष्पलता यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह कक्षा 11वीं में वाणिज्य विषय की छात्रा है। उसे स्कूल आने-जाने में दिक्कत होती है। उसने मुख्यमंत्री से स्कूल आने-जाने के लिए मोटराइज्ड सायकिल प्रदान करने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने पूरी संवेदनशीलता से पात्रतानुसार मोटराइज्ड सायकिल देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पैरो से दिव्यांग संजीव चौहान को पेट्रोल चलित तिपहिया वाहन प्रदान करने की स्वीकृति दी। अम्बागढ़ तहसील के केसराटोला गांव के निवासी श्री संजीव चौहान ने भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को बताया कि वह एमए की पढ़ाई नियमित छात्र के रूप में अम्बागढ़ चौकी महाविद्यालय में कर रहे हैं। अम्बागढ़ चौकी से उनका गांव 9 किलोमीटर दूर है। उन्हें पढ़ाई के लिए कॉलेज आने-जाने में परेशानी होती है। मुख्यमंत्री ने संजीव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे सतत् मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने ग्राम कान्हे निवासी प्रतिमा देवांगन को आगे की पढ़ाई के लिए 01 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। बालिका प्रतिमा देवांगन ने बताया कि वह 11वीं कक्षा की छात्रा है। पढ़ाई में अच्छी है, लेकिन घर की आर्थिक परिस्थिति ठीक नहीं है। मां दिल की बीमारी से पीड़ित हैं और पिता बुनकर का कार्य करते हैं। ग्राम कान्हे के ही उत्तम साहू को आगे की पढ़ाई के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तहसील साहू संघ चौकी को सामाजिक भवन हेतु भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, कलार समाज के लिए अम्बागढ़ चौकी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, बौद्ध समाज के लिए छुरिया में सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, निषाद समाज के सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, हल्बा समाज के सामुदायिक भवन के विस्तार एवं अन्य सुविधा के लिए 15 लाख रूपए और इसी प्रकार छुरिया के उमरवाही से मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल की मांग पर उमरवाही में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की।

## जनसंवाद के जरिए हो रहा है आम नागरिकों की समस्याओं का निदान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**खैरागढ़**। आम जनता और प्रशासन के बीच निकटता लाने के लिये जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट) खैरागढ़ में जनसंवाद की शुरूआत की गई है। प्रशासन में नवाचार लाने खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के प्रथम कलेक्टर डॉ. जगदीश कुमार सोनकर की पहल पर जनसंवाद आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कोई भी आम नागरिक शासकीय अवकाश को छोड़कर बेहिचक प्रतिदिन अपनी समस्या और शिकायतों से जिला प्रशासन को अवगत करा रहे हैं। कलेक्टर डॉ. सोनकर की पहल पर आम नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए कलेक्टर जनसंवाद के जरिए लोगों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

जनसंवाद में एक ऐसा ही दिलचस्प मामला आया जिसमें एक नागरिक माहेन्द्र कुमार बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाख खैरागढ़ में खाता धारक है, जब वे एटीएम मशीन से 12 हजार रुपये निकाल रहे थे तभी सर्वर डाउन हो गया और उन्हे पैसा प्राप्त नहीं हुआ। महाशय के बैंक खाते से पैसे कट जाने का मोबाईल पर मैसेज भी आ गया। मोहेन्द्र वर्मा पिछले चार महीने से बैंक का चक्कर काट काट कर परेशान हो गये। उन्होने अपनी पीड़ा कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जनसंवाद में बताई। कलेक्टर द्वारा इस मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए लीड बैंक मैनेजर को इसका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से मोहेन्द्र के बैंक खाते में 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो गई है। इससे मोहेन्द्र का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास जगा है। बैंक खाता धारक मोहेन्द्र वर्मा ने अपनी समस्या के निदान के लिए जिला प्रशासन के प्रति तहदिल से आभार व्यक्त किया।

### बच्चों को न्यूमोनिया से बचाने जिले में शुरु हुआ सांस अभियान

# 5 वर्ष तक के बच्चों को न्यूमोनिया का सबसे ज्यादा खतरा, पोषण व जागरुकता अभियान पर जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कलेक्टर संजीव झा के मार्गदर्शन में न्यूमोनिया बीमारी की रोकथाम और 5 वर्ष तक आयु के बच्चों में न्यूमोनिया के शीघ्र पहचान के लिए जिले में सांस ( सोशल अवेयरनेस एंड एक्टिम टू न्यूट्रलाइज न्यूमोनिया सक्सेसफुली) अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नवजात बच्चों के मृत्यु दर में भी कमी लाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसएन केशरी ने सांस अभियान का शुभारंभ किया।




सांस अभियान के अंतर्गत बच्चों में न्यूमोनिया बीमारी के उपचार व नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मचारियों चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों की भूमिका से अवगत कराया गया। डॉ केशरी ने बताया कि न्यूमोनिया फेफड़ों के संक्रमण से जुड़ी एक बीमारी है, जो वायरल, बैक्टीरिया या फंगल संक्रमण के कारण होता है। बच्चे सबसे ज्यादा इससे प्रभावित होते हैं। न्यूमोनिया बीमारी पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए बड़ा खतरा है। देश मे 5 वर्ष से कम आयु के प्रति एक हजार जीवित बच्चों में 37 की मृत्यु हो जाती है। जिसमे 5.3 प्रतिशत मृत्यु न्यूमोनिया के कारण होती है। उपचार व्यवस्था को लेकर डॉ केशरी ने कहा कि गंभीर रूप से न्यूमोनिया पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए जिला अस्पताल कोरबा में स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) व अन्य सुविधाएं है। सरकार ने 2025 तक न्यूमोनिया से बच्चों की होने वाली मृत्यु को 03 प्रतिशत से कम करने का लक्ष्य रखा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि न्यूमोनिया के कारण होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से सांस अभियान जिले में चलाया जा रहा है। उन्होने बीमारी के कारण व उसके बचाव और इलाज के संबंध में विस्तार से बताया। बच्चों में होने वाले न्यूमोनिया के नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों-चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों के सहयोग से अलग-अलग स्तर पर इलाज की व्यवस्था की जानकारी दी गई। बच्चों मे न्यूमोनिया के उन्मूलन के लिए स्तनपान व बच्चों की उम्र के अनुसार पूरक आहार पर जोर देते हुए। जागरूकता अभियान चलाया चलाने पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. सीके सिंह डीएचओ, डॉ. शशीकांत भास्कर चेस्ट स्पेशलिस्ट मेडिकल कॉलेज कोरबा, डॉ. जीएस जात्रा डीटीओ, डीएलओ डॉ. केके देवांगन, डीआईओ डॉ. कुमार पुष्पेश, डॉ. अशरफ अंसारी, डीपीएम श्रीमती ज्योत्सना ग्वॉल सीपीएम, डॉ. नरेन्द्र जायसवाल जिला एनसीडी, डॉ. हर्षा ताम्रकार जिला आरएमएनसीएच सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में 11वां राष्ट्रीय हास्य योग सम्मेलन कराने की कवायद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा प्रदेश में 11वें राष्ट्रीय हास्य योग सम्मेलन आयोजित करने की कवायद की जा रही है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि हास्य योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ और खुशहाल बनाने हास्य योग का अधिक से अधिक लोगों तक प्रचार-प्रसार होना आवश्यक है।



छत्तीसगढ़ में आयोजन होने से लोग हास्य योग का महत्व समझ सकेंगे। गौरतलब है कि अयोध्या में गुरू जितेन कोहि के निर्देशन, छत्तीसगढ़ हास्य योग गुरू श्री मूलचंद शर्मा के मार्गदर्शन और गुरू राजू शर्मा के सहयोग से दसवें हास्य योग सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा शामिल हुए थे।

तब उन्होंने हास्य योग का लाभ प्रदेश के नागरिकों तक पहुंचाने 11वें हास्य योग सम्मेलन को छत्तीसगढ़ में कराने का आग्रह किया। अयोध्या के सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए हास्य साधकों सहित छत्तीसगढ़ के सौ से अधिक संख्या में हास्य साधक शामिल हुए थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के सचिव एम.एल. पांडे भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।

## आरसेटी दंतेवाड़ा में महिला सिलाई कार्यक्रम का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा**। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के पढ़े लिखे बेरोजगार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा गांव में ही स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य को लेकर जिले के बेरोजगार महिलाओं को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 30 दिवसीय सिलाई मशीन का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आवासीय एवं निशुल्क किया जाता है। दंतेवाड़ा स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जाने वाला कार्यक्रम है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 महिलाएं एवं युवतियां सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सिलाई से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया तथा विभिन्न खेलों के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवतियों को दंतेवाड़ा जिले में स्थित डैनेक्स गारमेंट फैक्ट्री व लाइवलीहुड कॉलेज में स्थित शक्ति गारमेंट केन्द्र का भ्रमण भी कराया गया। 30 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों का लिखित एवं मौखिक परीक्षा लिया गया जिसमें सभी उत्तीर्ण रहे। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव ने अपना अनुभव साझा करते हुए सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार और प्लेसमेंट के लिए प्रोत्साहित किया।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### हत्या का खुलासा : पत्नी के साथ अवैध सम्बन्ध के शक में युवक की हत्या

**रायगढ़ (ए)।** जिले में युवक की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। असल में उसकी हत्या की गई थी। उसे किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही पहचान के एक दूसरे शख्स ने मारा था। बताया गया कि मरने वाला युवक अपनी पत्नी पर आरोपी युवक के साथ अवैध संबंध होने का शक करता था। इसलिए आरोपी ने पहले शराब पिलाई, फिर गमछे से गला घोंटकर युवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

12 नवंबर को राजपुर के बथानपारा आम बगीचा के पास एक युवक का शव मिला था। जिसकी सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद युवक की पहचान फकीर राठिया(23) के रूप में हुई थी। फकीर मूल रूप से सुपकोना का रहने वाला था। मगर शादी के बाद से वह आमापाली में रहता था।

# दुर्ग में बेकाबू बस की चपेट में आकर बाइक सवार तीन किसानों की मौत

### एक ही गांव के थे तीनों, गुस्साए ग्रामीणों ने की बस में जमकर तोडफोड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले में एक बेकाबू बस ने बाइक सवार तीनों लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे तीनों ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई। यह भीषण सड़क हादसा बुधवार रात ननकट्टी गांव के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों मृतक एक ही बाइक पर सवार होकर मेड़ेसरा गांव जा रहे थे। इधर घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बस में जमकर तोडफोड़ कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर नंदिनी थाना पुलिस पहुंची। ग्रामीणों को किसी तरह शांत कराकर शवों को अपने कब्जे में लिया।




#### बस चालक ने खो दिया संतुलन

नंदिनी पुलिस ने बताया कि बुधवार लगभग 8 बजे ननकी और कोड़िया के बीच सड़क हादसा हुआ है। एक यात्री बस धमधा से दुर्ग की ओर जा रही थी। सामने से बाइक सवार आ रहे थे। बस ननकी गांव के आगे पहुंची तो ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया और बाइक सवारों को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके पर बस छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने लगभग एक घंटे तक चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन किया।

#### इनकी हुई मौत

पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में ग्राम मेड़ेसरा निवासी पुखराज वर्मा पिता जेठू वर्मा (42 वर्ष), देवानंद यादव पिता अशोक यादव (37 वर्ष) और सूर्यकांत साहू उर्फ बल्लू पिता बिसाहू साहू (50 वर्ष) की मौत हो गई।

# नक्सलियों ने सरपंच के भाई का रेता गला



### आधी रात उठाकर ले गए, सुबह खून से लथपथ मिली लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में माओवादियों ने कांकेर जिले के एक गांव में सरपंच के भाई की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी है। घटना मंगलवार देर रात की है। नक्सलियों ने घटना को अंजाम देने से पहले ही युवक का अपहरण कर लिया था। जंगल में ही उसकी हत्या करके शव गांव के बाहर फेक दिया। बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने खून से लथपथ लाश देखी तब हत्या का खुलासा हुआ। घटना जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित गांव हुर्रापिंजोडी में माओवादियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। गांव के सरपंच के भाई को हथियारबंद माओवादी उठाकर अपने साथ ले गए थे। मंगलवार देर रात उसकी हत्या करके शव गांव में फेक दिया। नक्सलियों ने मृतक की बेरहमी से गला रेतकर हत्या की है। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी शलभ सिन्हा ने जवानों की एक सर्चिंग टीम को घटना स्थल पर रवाना किया है।

#### एक साल में 137 की हत्या की जिम्मेदारी ली

नक्सलियों ने दो दिन पहले अपने दस्तावेज में यह दावा भी किया है कि वर्ष 2021-22 के दौरान उन्होंने 51 सलवा जुडूम, 40 नेताओं और 46 जनविरोधी नेताओं की हत्या की है। इसके अलावा इस दौरान मुठभेड़ और बीमारी से 132 नक्सली नेताओं की मौत भी हुई है। दंडकारण्य में नक्सलियों को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। एक साल में यहां 89 नक्सली मारे गए है। पांच सालों में नक्सलियों ने 1300 हमले, 300 से अधिक आगजनी और 429 जवानों की हत्या का भी दावा किया है। इस बाबत नक्सलियों ने हिंदी, गोंडी और तेलुगु में अलग-अलग बुकलेट जारी किया है।


### उधारी पैसे वसूलने घर में घुसकर की गाली गलौज

# रॉड से मारकर हत्या करने की दी धमकी, 4 गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर के मठपुरैना में उधारी में पैसे लेना महंगा पड़ गया। आरोपी ने अपने पैसे ब्याज समेत वसूलने के साथ-साथ पीड़ित महिला के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी भी दे दी। पूरे मामले में पुलिस ने 2 आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया था। अन्य दो एक महिला और एक पुरूष आरोपी फरार चल रहे थे। जिन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है।

पीड़ित महिला रेखा हेडाऊ ने मठपुरैना के दीवार बस्ती में रहने वाली आरोपी महिला शबाना से 50 हजार रुपए कर्ज लिए थे। जिससे रेखा ने ब्याज के साथ 80 हजार रुपए आरोपी को वापस भी कर दिये। लेकिन आरोपी शबाना और अधिक पैसे की मांग करती रही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार बहस भी हुई थी। 4 नवंबर को सुबह करीब 6:30 आरोपी शबाना जितेंद्र जीतू और चांदनी के साथ रेखा के घर में घुस गई, रेखा इसके पहले कुछ समझ पाती आरोपियों ने उसे गंदी गंदी गालियां देना चालू कर दिए, साथ ही उसे और अधिक पैसे लौटाने की बात करने लगे इसी बीच वे सभी ने डंडा और रॉड से महिला को पीटना चालू कर दिया। उन्होंने रेखा का हाथ पकड़कर घसीटते हुए घर से बाहर लाकर धमकी भी दिए। इस मामले में कुल 4 आरोपी शामिल रहे। जिसमें से दो आरोपी चांदनी साहू (26) और रितु यादव (22) को कॉल देवा डेरा मठपुरैना टिकरापारा से गिरफ्तार कर लिया गया, और अन्य दो आरोपी फरार हो गए। यह फरार आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहे थे। लेकिन पुलिस को इनके लोकेशन की जानकारी मिली।

# बलात्कार पीड़िता का युवक ने फोटो और पता फेसबुक में डालकर किया वायरल, आरोपी फरार



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में एक दुष्कर्म पीड़िता का आरोपी युवक ने फोटो और घर का पता फेसबुक में डालकर वायरल कर दिया है। आरोपी यही नहीं रूका उसने युवती को धमकाते हुए कहा अगर शिकायत वापस नहीं लिया तो वह उसको कहीं न नहीं छोड़ेगा। इस कदर बदनाम करेगा कि उसके घर वाले भी शहर छोडने् पर मजबूर हो जाएंगें। यह मामला बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

#### फरार है आरोपी

सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली युवती ने कोयला व्यवसायी के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत की है। इसके बाद से कुम्हारपारा में रहने वाला युवक दुष्कर्म पीड़ित की फोटो और पता फेसबुक में डालकर बदनाम कर रहा है। इधर मामले में फरार आरोपी को सिविल लाइन पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आरोपी उसे पहले मामला वापस लेने प्रलोभन दे रहा था। अब उसने पीड़ित को धमकियां भी देनी शुरू कर दी है। युवती ने इसकी शिकायत थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।


#### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

पुलिस ने बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली युवती निजी संस्थान में काम करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान कोयला व्यापारी रामजीत सिंह से हुई। जान-पहचान का फायदा उठाते हुए कोयला व्यवसायी ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में वह शादी से इंकार करने लगा। शादी के लिए दबाव बनाने पर वह युवती को जान से मारने की धमकी देने लगा। युवती इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर लिया। इस बीच मामले का आरोपी रामजीत सिंह फरार हो गया।

# कैप्सूल और बाइक में जोरदार टक्कर, दो युवक मौत

**कोरबा (ए)।** कैप्सूल और बाइक में भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. यह हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवांडीह बाईपास मार्ग में हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद कैप्सूल वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक, हादसे में बाइक सवार बुंदेली निवासी फुलेश्वर सिंह और जेंजरा निवासी मुकेश कुमार की मौत हुई है।




बाइक सवार जेंजरा से बांकी मोंगरा स्थित बुंदेली जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ. बताया जा रहा कि मृतक दोनों युवक रिश्तेदार हैं। पुलिस ने मृतकों के शव को अस्पताल के मर्चयुरी में रखवाया। पुलिस आरोपी कैप्सूल वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

# पुलिस कार्रवाई से आहत होकर ढाबा संचालक ने किया सुसाइड सुसाइडल नोट में लिखा टीआई ने झूठे मामले में फंसाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शिकायतकर्ता को अपराधी बनाकर हवालात में डालने वाले टीआई की कार्रवाई से नाराज होकर ढाबा संचालक ने आत्महत्या कर लिया। दरअसल आरंग थाना क्षेत्र में टीआई की कार्रवाई से नाराज होकर ढाबा संचालक बुधराम सोनकर ने जहर खा लिया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उसे रायपुर के एक निजी अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसे दम तोड़ दिया। मृतक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें आरंग पुलिस पर झूठे मामले में फंसाने और तीन अन्य लोगों की झूठी गवाही पर कार्रवाई करने की बात लिखी हुई थी।



#### मरने के बाद की कार्रवाई

आरंग पुलिस ने पहले तो मृतक की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। जब उसने अपनी जान दे दी तब जाकर पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के नाम राजू निषाद, राजेश निषाद और गिरधारी लाल पटेल है।

#### यह है पूरा मामला

पुलिस के मुताबिक राजू निषाद (61) का 27 अक्टूबर को मछली खरीदते समय बुधराम सोनकर (48)से झगड़ा हो गया था। बुधराम ने गाली-गलौज करते हुए राजू को झापड़ मार दिया था। इसकी शिकायत राजू ने आरंग थाने में की। इस पर सुनवाई नहीं होने पर राजू ने एसपी कार्यालय में शिकायत की। जांच के बाद एसपी कार्यालय से आवेदन फिर आरंग थाना पहुंचा। आरंग पुलिस ने बुधराम के खिलाफ 12 नवंबर को धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया गया। अगले दिन रविवार को पुलिस ने बुधराम को गिरफ्तार किया और मुलाहिजा के बाद जमानत मुचलके पर छोड़ दिया। घटना से अपमानित बुधराम ने सोमवार सुबह करीब 8 बजे अपने घर में जहर खा लिया।

# कलेक्टर ने रिश्वतखोर कर्मचारी को किया सस्पेंड, चिटफंड निवेशकों से दस्तावेज सत्यापन के नाम पर मांगता था घूस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में रिश्वत मांगने वाले सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। कर्मचारी के खिलाफ चिटफंड कंपनी के निवेशकों से राशि लिए जाने की शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के तहसील कार्यालय गुरूर के सहायक ग्रेड 2 को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। निवेशकों से राशि लिए जाने के मामले को कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने तत्काल संज्ञान में लिया और सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी किशोर कुमार भारती पर कार्रवाई की है। कलेक्टर ने जिस कर्मचारी को निलंबित किया है वह चिटफंड कंपनी के निवेशकों से पैसा वापस दिलाने के लिए मूल दस्तावेज के साथ मोटी रकम वसूल रहा था। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा कि किशोर कुमार भारती सहायक ग्रेड-2 तहसील कार्यालय गुरूर जिला बालोद का ये काम छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने के कारण उन्हें सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। इस कार्रवाई से अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया है।




## कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

।। पुर्ननिविदा - विज्ञप्ति ।।

क्रमांक/आब./निविदा/6451/2022 दुर्ग,    दिनांकः 15 नवम्बर 2022

छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड के गोदाम बाबत दुर्ग एवं भिलाई के शहरी क्षेत्र अथवा शहरी क्षेत्र के सीमा से 05 किमी की परिधि में विदेशी मदिरा के संग्रहण हेतु लगभग 50,000 वर्गफीट बाउण्ड्रीयुक्त परिसर (10,000 वर्गफीट के 03 गोदाम लगभग 2500 वर्गफीट में अधिकारी / कर्मचारियों के बैठने हेतु 4 कमरे जिनका क्षेत्रफल 12×15 वर्ग फीट हो, जिसमें शौचालय ( महिला/पुरुष) सहित पृथक-पृथक 2 गार्डरूम 10×10 का पक्का निर्माण, कॉमन शौचालय एवं 10,000 वर्गफीट का खुली जगह), वाहन के आने-जाने हेतु 20 फीट चौड़ी रोड, पार्किंग हेतु पार्किंग हेतु पर्याप्त स्थान भाड़े पर लेने बाबत् निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा शर्तें/फार्म सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग, जिला-दुर्ग से कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय में दिनांक 22.11.2022 को सायं 5.00 बजे तक प्राप्त की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जाने हेतु शुल्क 500/-का डिमांड ड्राफ्ट महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर के नाम से देय होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा। निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 23.11.2022 को अपरान्ह 3.00 बजे तक तथा प्रस्तावित निविदा खोले जाने का समय दिनांक 23.11.2022 को अपरान्ह 5.00 नियत किया जाता है।

सहायक आयुक्त आबकारी,
जिला- दुर्ग ( छ.ग. )

जी- 95809/4

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### अपेक्स बैंक की आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए राजेन्द्र साहू

**दुर्ग।** अपेक्स बैंक रायपुर में नवनियुक्त संचालक मंडल के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने सभी नवनियुक्त संचालक सदस्यों एवं जि.स.के. बैंक दुर्ग के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेन्द्र साहू को शुभकामनाएं दी एवं कृषकों के हित में निरंतर कार्य करने हेतू प्रेरित किया। उन्होंने सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए अनुभवी लोगों की टीम बनाने के लिए मुख्यमंत्री को आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया पद कृषकों की सेवा करने का सबसे अच्छा अवसर है। इस अवसर पर राजेन्द्र साहू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छ.ग. शासन द्वारा कृषकों के हित में चलाई जा रही सभी योजनाओं को और आगे बढ़ाऐंगे। समारोह में अपेक्स बैंक अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, जि.स. केन्द्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा, जि.स.के. बैंक दुर्ग के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, जि.स.के. बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक, अपेक्स बैंक के नवनियुक्त संचालक सदस्य द्वारिका साहू, अजय बंजल, राकेश सिंह ठाकुर, शंकर सोढ़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के समितियों से आये अध्यक्ष एवं कृषक सम्मिलित हुए।

### कलामंदिर में ईडी ट्रॉफी कार्यकौशल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सम्पन्न

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिये ईडी (वर्क्स) ट्रॉफी कार्यकौषल प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिनों किया गया था। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को आज महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार तथा कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), एम एम गद्रे द्वारा ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। इस समारोह में विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि अंजनी कुमार ने प्रतिभागियों और विजेताओं दोनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कार्मिकों के कौषल को बढ़ाने के उद्देष्य से यह आयोजन किया गया है। यह प्रसन्नता की बात है कि संयंत्र के कार्मिकों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारे कार्मिकों के कौषल में निखार आएगा। इससे हमारे भिलाई इस्पात संयंत्र को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। हमारे मानव संसाधन के कार्यकुषलता में वृद्धि, से हम ही तेजी से विकास करने में सफल होंगे। इस अवसर पर विषेष अतिथि कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), एम एम गद्रे ने सभी विजेताओं और उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2008 में शुरू हुई यह प्रतियोगिता में इस वर्ष सर्वाधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### विधि के विद्यार्थियों को अपने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गहन अध्ययन एवं आत्मविश्वास की जरूरत

**दुर्ग।** सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय के सभागार में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग एवं महाविद्यालय के सौजन्य से एक सेमीनार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संतोष ठाकुर मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी दुर्ग ने अनुशासन व शिक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने जरूरतमंदो को विधिक सेवा उपलब्ध किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि उमेश उपाध्याय न्यायायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी दुर्ग ने उद्बोधन में कहा कि विधि के विद्यार्थियों को अपने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गहन अध्ययन एवं आत्मविश्वास की आवश्यकता हैं।

### पंचकल्याणक महोत्सव में पांडुक शिला पर धार्मिक उत्साह के साथ सैकड़ों लोगों ने किया मंगल अभिषेक

# अमृत वचनों में आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा-भारत की भूमि, साधना भूमि है

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। पंचकल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन दशहरा मैदान रिसाली में जन्मकल्याणक के अवसर पर सुबह श्री जिनेंद्र भगवान का मंगल अभिषेक एवं शांतिधारा का अनेक भक्तों ने धर्म लाभ लिया। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के ससंग मंगल सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य दीवान जी भोपाल के साथ अनेक भक्तों की उपस्थिति में सैकड़ों भक्तों ने अभिषेक किया।





जानकारी देते हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव के प्रचार प्रसार प्रमुख प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग अलग राज्यों से भक्त पंचकल्याणक महोत्सव में आचार्य श्री से आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। बुधवार को आदि कुमार भगवान के जन्मोत्सव पर इंद्र और इंदिरानियों ने भव्य नाटिका की प्रस्तुति देते हुए भक्ति भाव के साथ मंत्रमुग्ध होकर बहुत ही सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। राज दरबार में सौधर्म इंद्र इंद्राणी के साथ बालक आदि कुमार को गोद में लेकर खुशी से झूम उठे। आज आदि कुमार के जन्मोत्सव पर पांडुक शिला में सैकड़ों भक्तों ने आचार्य श्री के अमृत वचनों से भक्ति भाव के साथ मंगल अभिषेक किए। ऐसा लग रहा था कि जैसे भगवान का समोसारण धरती पर उतर आया है।

#### कोरोना ने हमें जीवन जीना सिखा दिया

कोरोना संकट ने हमें जीवन जीना सिखा दिया है। कोरोना के बाद लोगों का धर्म के प्रति श्रद्धा और विश्वास बढ़ने लगा है। संपत्ति कुछ हो सकती है लेकिन सब कुछ नहीं हो सकती आप आपस में प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जिए क्योंकि कर्म किसी को नहीं छोड़ता। जिस घर में सुमति होगी वहां लक्ष्मी सरस्वती के साथ खुशहाल जीवन रहेगा। कुमति भरे छल कपट से जीवन यापन करोगे तो आपका जीवन और असंतुलित आसंयमित रहेगा। आज हमको जिनवाणी मां के शास्त्र को ग्रहण कर अपना जीवन शास्त्र में सात्विकता के साथ जीना चाहिए। शास्त्र को ग्रहण करें, शस्त्र मत बनने दो संसार का आनंद लेना है तो साधु बनकर जियो। माया चारी बनकर मत जियो। कर्तव्य करो फल की इच्छा मत करो।आपको उस परमात्मा की पूजा करना जिसमें दास नहीं , मैं भक्त हूं हम मुनि के आगे दास नहीं लिखे रहता है क्योंकि दास टुकड़े मांगता है।

#### रागद्वेष से बचकर रहें

आचार्य श्री ने कहा कि मुनियों का जीवन रत्नों के अमृत वचनों और आशीर्वाद से परिपूर्ण रहता है। माताएं अपनी बहु को बेटी के जैसा प्यार करें और दुर्वव्यवहार ना करें प्रेम के साथ अपने परिवार का संचालन भी करें। रागद्वेष से बचकर रहें। हमारी भारत की भूमि है यह भूमि नहीं बल्कि साधना भूमि है। जीवन ऐसा जिओ वासना के मार्ग से निकलकर साधना के मार्ग को अपनाएं। मुनि जनों का जीवन चरित्र गुणों से भरा रहता है।

#### ऐसे लोगों से बचें जिनकी संगत ठीक न हो

पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के प्रवचनों को सुनने भक्तों में आतुरता दिखी। धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि वर्तमान में जिनवाणी को समझना सरल हो गया है। आप ऐसे लोगों के बीच में ऐसी संगत ना रखें कि जिससे आपके परिणाम काले हो जाएं। ऐसे लोगों से बचकर रहें आपको जो जीवन मिला है उसे विशुद्धि के कार्य में लगाएं। आचार्य श्री ने कहा कि लोगों ने जब हमसे कहा कि आप इतना विहार क्यों करते हैं, तो हमने कहा कि भगवान महावीर के जिनशासन के उपदेशों को सर्वत्र पहुंचाना है इसके लिए विहार जरूरी है। पुराने जमाने में इत्र वाला पेटी लेकर गली-गली इत्र बेचता था जिसके कारण उसके आसपास का वातावरण सुगंधित होकर संपूर्ण क्षेत्र में इत्र की खुशबू फैल जाती थी। वैसे ही इत्र की सुगंध की तरह आप अपने जीवन को खुशबू की तरह जिओ। आचार्य श्री ने कहा कि आज हम रायपुर से चातुर्मास और पंचकल्याणक के बाद पार्श्वनाथ धाम से रिसाली मल्लीनाथ दिगंबर जैन मंदिर, से सेक्टर 6, वैशाली नगर, नेहरू नगर, रूआबांधा से दुर्ग में भगवान महावीर का संदेश देते हुए आपको आपके जीवन में आनंद और धर्म का उत्साह के साथ जिनवाणी का रसपान करा रहे हैं। मुनि गण विश्व के लिए जन्मते हैं मुनि बनने के बाद आप संतो के निकट और भगवान महावीर की वाणी भगवान महावीर के जिनशासन को ग्रहण करते हुए अपने जीवन में अपने कषाय और वासना को उतार फेंकना चाहिए।

आज सैकड़ों भक्तों ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पण करते हुए श्री जिनेंद्र भगवान के मंगल दर्शन किए और आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन करते हुए मंगल आशीर्वाद ग्रहण किए। प्रवचन पश्चात आचार्य श्री के आहार चर्या का धर्म लाभ मल्लिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रिसाली समिति के अनेक भक्तों ने अपने घर में आहार चर्या का सौभाग्य प्राप्त किया। मंच का संचालन प्रशांत जैन के साथ प्रतिष्ठा चार्य ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश जैन, प्रशांत जैन, सुनील जैन, राकेश जैन, कमलेश जैन, विनय जैन, संतोष जैन, विमलेश जैन, अमित जैन सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ने व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण संबंधी ज्ञापन सौंपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, भिलाई इकाई के प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधीश दुर्ग, एसडीएम भिलाई एवं ट्रैफिक डीएसपी से भेंटकर व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण संबंधी ज्ञापन सौंपा।

चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन एवं भिलाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने लिंक रोड में प्रशासन द्वारा लगाये गये नो एंट्री की समय-सीमा में राहत देने का अनुरोध किया।



चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा लिंक रोड में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय- सीमा का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत भारी वाहन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक इस मार्ग पर प्रवेश नहीं कर सकते। चूंकि लिंक रोड में विभिन्न उत्पादों से संबंधित प्रतिष्ठानों का संचालन होता है, जिसमें लिंक रोड में प्रमुख रूप से थोक अनाज व्यापारीगण अपने व्यापार का संचालन करते हैं। वहीं जीई रोड में बिहार होटल से लगे मार्ग पर फल मण्डी में बड़ी संख्या में फल व्यवसायी भी व्यापार करते हैं। यहां पर प्रात: 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, ऐसे में यहां पर व्यापारियों को माल लोडिंग- अनलोडिंग में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## निजी बस संचालक एवं सीटी बस संचालकों के बीच अवरोध खत्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले में सीटी बसों के पुन: संचालन को लेकर कुछ दिनों से प्राइवेट बस संचालकों द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा था। इस समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्राइवेट बस संचालक एवं सीटी बस ऑपरेटर की बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य रूप से कलेक्टर ने प्राइवेट बस मालिक संघ के पक्ष को सुना एवं उनकी समस्याओं को समझकर आपसी समन्वयन व बिना किसी समस्या के सीटी बसों के संचालन के निर्देश दिये।

प्राइवेट बस संचालकों की बस रूटिन, टाईमिंग व स्टॉपेज से संबंधित समस्याओं का निराकरण करते हुए एवं आम जन्ता की सुविधानुसार कलेक्टर मीणा ने सीटी बसों के रूटिन, टाइम टेबल बनाने एवं नियमित स्टॉपेज तय करने का भी निर्देश दिया। साथ ही स्टापेज में सीटी बस के रूकने की समय सीमा 2 मिनट निर्धारित की ताकि इससे निजी बस संचालकों का रोजगार प्रभावित ना हो। कलेक्टर ने आरटीओ एवं सीटी बस संचालकों को समन्वित रूप से बसों के संचालन हेतु एक योजना तैयार करने को कहा जिसमें बसों के चलने एवं रूकने का समय व स्थान, स्टॉपेज की समय सीमा एवं रूट स्पष्ट हो।

साथ ही उन्होनें सीटी बस के रूट एवं समय सारणी का प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया ताकि सुव्यवस्थित तरीके से निजी एवं सीटी बसों का संचालन हो सके एवं जिले के नागरिकों को पुन: सीटी बस सेवा का लाभ मिल सके।

## सोशल मीडिया में फेक न्यूज पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर ने जारी किए दिशा निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के प्रमुख अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर मीणा ने पुलिस अधीक्षक से जिले में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सड़क सुरक्षा, सामाजिक सौहाद्रता, सोशल मीडिया में भ्रामक जानकारियां फैलने की स्थिति, वी.आई.पी आयोजन एवं पुलिस विभाग के सूचना तंत्र के विषय में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।



इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को संयम से काम लेने और सभ्य भाषा के इस्तेमाल की हिदायत दी। किसी भी हालत में अभद्र भाषा का प्रयोग पुलिस अधिकारी, कर्मचारी न करें इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।सोशल मीडिया में भ्रामक जानकारियां रोकने के लिए अधिकारी करेंगे मॉनिटरिंगकलेक्टर ने जिले में सामाजिक सौहाद्रता और अखंडता बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में फेक न्यूज पर नियंत्रण हेतु हर संभव प्रयास के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न वाट्सएप ग्रुप्स की मॉनिटरिंग जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी, ताकि इस तरह के मामलों पर रोक लगाया जा सके। सामाजिक सौहाद्रता, देश की एकता एवं अखंडता में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग के अधिकारियों से जानकारी मांगने पर कोई अधिकारी जानकारी देने के लिए घबराएं नहीं जो जांच कर रहा है टाईमली रिस्पांड करें ताकि पब्लिक के बीच कोई भ्रांति न फैले।जिले में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस करेगी आदतन बदमाशों की निगरानीअपराधिक मानसिकता के लोगों व आदतन बदमाशों की सूची बनाकर उनकी गतिविधियों की लगातार निगरानी होती रहनी चाहिए ताकि अपराध की संभावनाओं में कमी लाई जा सके।कोटवारों को प्रशिक्षित कर जिले के इन्फॉर्मेशन स्ट्रक्चर को किया जाएगा मजबूतजिले के इनफॉर्मेशन स्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए कलेक्टर ने एसडीएम को जिले के कोटवारों की सूची बनाकर उनके कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही अयोग्य कोटवारों को सेवा से मुक्त कर नियमानुसार योग्य लोगों को नियुक्त किया जाए।

कोटवारों को ब्लाक और जिला स्तर पर पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए। कोटवार पुलिस विभाग के इनफॉर्मेसन सिस्टम की इकाई है उस इकाई को इतना मजबूत करें कि ग्रामीण स्तर पर छोटी से छोटी सूचना मिल पाए।सड़क दुर्घटनाएं रोकना एक मानवीय कार्य है और प्रशासन की जिम्मेदारी हैसड़क दुर्घटना में एस.डी.एम. व थानेदार मौके पर जाकर कारणों की समीक्षा करें एवं इसकी रिपोर्ट दें।

## निशाने पर वक्फ की दादागिरी

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

वक्फ का मामला पिछले कुछ महीनों से सोशल मीडिया पर छाया हुआ है. बताया जा रहा है कि वक्फ के पास इतनी शक्तियां हैं कि वो किसी भी जमीन पर दावा कर सकती है. इस मामले की सुनवाई भी केवल वक्फ बोर्ड ही कर सकता है. इन मामलों को अदालतों के क्षेत्राधिकार से बाहर माना गया है. यहां तक बताया जा रहा है कि वक्फबोर्ड के कोई भी दो सदस्य यदि किसी भूमि पर वक्फका दावा जता दें तो वह जमीन वक्फकी हो जाएगी. उन्हें इसके लिए कसी तरह का सबूत देने की भी जरूरत नहीं होगी. यह मामला तब उछला जब सितम्बर में तमिलनाडु के तिरुचि जिले के तिरुचैंथुरई गांव में 1500 साल से ज्यादा पुराने मानेदियावल्ली चंद्रशेखर स्वामी मंदिर और उसके आसपास के छह गांव की जमीन पर वक्फबोर्ड ने दावा ठोंक दिया. मामला तब सामने आया जब गांव का एक किसान अपनी जमीन गांव के ही एक अन्य किसान को बेचने के लिए रजिस्ट्रार के दफ्तर में पहुंचा. तब उसे बताया गया कि गांव की पूरी जमीन वक्फसंपत्ति है. जमीन बेचने के लिए उसे पहले वक्फबोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना होगा. मामला उछलने के बाद जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले का संज्ञान लेकर आश्वासन दिया कि वे मामले की जांच करवाई जाएगी. तब तक लोग पहले की ही तरह अपनी जमीनें बेच और खरीद सकेंगे. इसके बाद देश भर से इस तरह की खबरें सामने आती रहीं. इधर कुछ दिन पूर्व छत्तीसगढ़ में भी इस तरह का एक मामला सामने आया. खबर थी कि राज्य वक्फबोर्ड ने दुर्ग शहर के नयापारा, कायस्थ पारा, प्रेस कांप्लेक्स, तहसील कार्यालय, पंचशील नगर के विभिन्न खसरा नंबर की सैकड़ों एकड़ जमीन पर अपनी स्वामित्व को लेकर दावा किया है. मामला सामने आते ही हो-हल्ला मच गया. सैकड़ों लोगों ने दुर्ग तहसील कार्यालय में इसके खिलाफ आपत्ति दर्ज करा दी. आपत्तियों पर गौर करने के बाद तहसीलदार ने मामला खारिज कर दिया. जिला प्रशासन दुर्ग ने स्पष्टीकरण दिया कि वक्फ बोर्ड ने खसरा नम्बर 21/2, 21/3, 29/2, 146/4, 109 पर दावा किया था. इन खसरा नंबर की जमीनें निजी भूमि स्वामियों के नाम पर दर्ज है. जानकारों की मानें तो धर्मार्थ कार्यों के लिए दान की गई जमीन या संपत्ति ही वक्फसंपत्ति हो सकती है. इसलिए यह जरूरी है कि जमीन मस्जिद, मदरसा, मजार के नाम पर दान की गई हो. वक्फकी संपत्ति खुदा के नाम पर होती है इसलिए उसे वापस नहीं लिया जा सकता. इस संपत्ति से मिलने वाले राजस्व पर राज्य वक्फबोर्ड का अधिकार होता है जिसका उपयोग धर्मार्थ कार्यों में किया जा सकता है. वक्फसंपत्ति के मामले में अंतिम फैसला वक्फन्यायालय का होता है. पर जरूरी है कि संपत्ति पहले वक्फकी साबित तो हो. तमिलनाडु और दुर्ग के मामलों ने साफकर दिया है कि वक्फबोर्ड सर्वशक्तिमान नहीं है. इस मामले में धुंध जितनी जल्दी छंटे, उतना ही अच्छा. यह देश के सामाजिक सांस्कृतिक ताने-बाने की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है ।

## प्राचीन कला कठपुतली से परिचित हुए बच्चे बाल दिवस के दिन तीन पपेट शो

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। विगत 20 वर्षों से बच्चों को लुभाने वाली कठपुतलियां, इस बार बाल दिवस 14 नवंबर 2022 को भी नाचीं। इस दिन, दिन भर कठपुतली शो होता रहा। सुबह उतई के कृष्णा पब्लिक स्कूल में डेढ़ घंटे तक बच्चों ने पपेट शो का लुत्फउठाया।



उसके बाद दोपहर में शिवम एजुकेशन सोसायटी रायपुर में कठपुतली का प्रदर्शन हुआ। शाम को भिलाई के माइल स्टोन स्कूल में इसका प्रदर्शन किया गया। हजारों बच्चों ने इन प्रदर्शनों को हाथों-हाथ लिया । हेल्थ व हाईजिन, साफ सफाई, फास्ट फूड, टीचर का सम्मान, हेण्ड वाशिंग आदि पर मनोरंजन से भरपूर पपेट शो किया गया। विभाष उपाध्याय, अनीता उपाध्याय ,लाल बाबू और प्रहलाद कामडे ने कठपुतली संचालन किया।। अनेक स्कूलों ने भी कठपुतली प्रदर्शन की मांग रखी परंतु उस समय की कमी की वजह से यूनिवर्सल पपेट थिएटर उनकी मांग पूरी नहीं कर सका। पारंपरिक राजस्थानी धागा कठपुतली रॉड पपेट और हैंड पपेट के द्वारा पंचतंत्र की कहानियां बताई गई ।

हाथी, डोरेमोन, डक, गुलगुला, एंग्री बर्ड, डॉक्टर पिकाचू आदि ने स्टोरी टेलिंग कर अच्छी-अच्छी शिक्षा दी। काफी छोटे बच्चे थे किंतु बिना अपनी जगह में शांत बैठे निरंतर पपेट शो देखते रहे। संचालक विभाष उपाध्याय ने कहा कि आगे भी इस तरह के शो होते रहेंगे और बच्चों को शिक्षा पूर्ण मनोरंजन दिया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950